gradeup

# संक्षिप्त सामयिकी
# जनवरी २०२०



Prep Smart. Score Better. Go gradeup

www.gradeup.co

# संक्षिप्त सामयिकी

## जनवरी-2020

**प्रिय पाठकों,**
यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "जनवरी-2020" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी राज्य सेवा सम्बन्धी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## महत्वपूर्ण खबरें: राज्य

- ✓ **आंध्र प्रदेश** सरकार ने **2 जनवरी, 2020** से घर-घर रेत पहुंचाने की योजना बनाई है।
  - **नोट:** प्रायौगिक योजना के रूप में इसे कृष्णा जिले में प्रायौगिक आधार पर शुरू किया जाना है और फिर इसे विस्तारित करना है।
  - इस पहल के अंतर्गत, आंध्र प्रदेश सरकार घर तक रेत पहुंचाती है और ग्राहकों से परिवहन शुल्क वसूलती है।
  - पहल को सफल बनाने के लिए, आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम अगले चार महीनों के लिए प्रति माह 15 लाख टन रेत का भंडारण करेगा।
- ✓ **नागरिकता संशोधन अधिनियम** (CAA) को वापस लेने के लिए एक प्रस्ताव पारित करने वाली राज्य सरकार **केरल है।**
  - **नोट:** केरल सरकार के अनुसार, यह अधिनियम धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ था और इससे देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।
  - इस अधिनियम ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच भारत की छवि को धूमिल किया। नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 दिसंबर 2019 में पारित किया गया था।
  - इस अधिनियम ने वर्ष 1955 में पारित नागरिकता अधिनियम में संशोधन किया। यह हिंदुओं, बौद्धों, सिखों, जैन, ईसाई और पारसी धर्म अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने की अनुमति देता है।
- ✓ उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (UPSRTC) ने एक विशेष महिला हेल्पलाइन की शुरुआत की -- **दामिनी।**
  - **नोट:** यह रोडवेज बसों में महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ाएगी। केंद्र सरकार की "निर्भया योजना" के विस्तार के रूप में, एक अलग नंबर, "81142-77777" हेल्पलाइन के लिए चुना गया है।
  - इस 'दामिनी' हेल्पलाइन का उपयोग करके महिला यात्री कॉल करके या व्हाट्सएप सेवा का उपयोग करके अपनी शिकायतें दर्ज करा सकती हैं।
- ✓ पूरे नागालैंड को किसके तहत अगले छह महीनों के लिए 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया गया -- **AFSPA।**
  - **नोट:** पूरे **नगालैंड राज्य** को **सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम (AFSPA)** के तहत छह महीने की अवधि के लिए **अशांत क्षेत्र** घोषित किया गया है।
  - यह अधिनियम सुरक्षा बलों को कहीं भी कार्यवाही करने और बिना किसी पूर्व सूचना के किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है।
- ✓ असम राज्य के चिड़ियाघर ने किस लुप्तप्राय पक्षी का प्रजनन कराया -- **हरगिला।**

- **नोट**: हरगिला वर्तमान में बड़े पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और घटती आर्द्रभूमि से निवास स्थानों में कमी होने के कारण विलुप्त होने की कगार पर है।
- लुप्तप्राय ग्रेटर एजुटेंट (Greater Adjutant) सारस दुनिया में सारस की बीस प्रजातियों में से सबसे दुर्लभ सारस प्रजाती है।
- भारत में, आवासीय सारसों की आठ प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से ग्रेटर एजुटेंट उनमें से एक है।

✓ 'साइबर सेफ वूमेन' पहल की शुरुआत **महाराष्ट्र** राज्य सरकार ने की।

- **नोट**: महाराष्ट्र सरकार ने महिलाओं और बच्चों को साइबर आपराधिक गतिविधियों का शिकार होने से बचाने के लिए एक **'साइबर सेफ वूमन'** पहल शुरू की है।
- पहल के तहत, महिलाओं को शिक्षित करने में मदद करने के लिए साइबर सुरक्षा पर राज्य के सभी जिलों में विभिन्न जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें यह बताया जाएगा कि असामाजिक तत्व और बाल अपराधी विभिन्न प्रकार के अपराधों को अंजाम देने के लिए वेब का उपयोग किस प्रकार करते हैं।
- यह पहल सावित्रीबाई फुले (19वीं शताब्दी की समाज सुधारक) के 189वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शुरू की गई है।

✓ **आंध्र प्रदेश सरकार** ने राज्य में **'दिशा अधिनियम 2019'** लागू करने के लिए किसे विशेष अधिकारी **डॉ. कृतिका शुक्ला और एम. दीपिका को** नियुक्त किया।

- **नोट**: अधिनियम राज्य में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों की शीघ्र सुनवाई और अतिशीघ्र क्रियान्वयन के लिए है।
- आंध्र प्रदेश दिशा विधेयक में बच्चों के खिलाफ अन्य यौन अपराधों के लिए आजीवन कारावास निर्धारित है और इसमें IPC की धारा 354 F और 354 G शामिल हैं।
- त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सभी 13 जिलों में महिलाओं और बच्चों के साथ बलात्कार, एसिड हमले, पीछा करना, घूरना, सोशल मीडिया उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न और POCSO अधिनियम के तहत दर्ज सभी मामलों सहित अपराधों से निपटने के लिए विशेष अदालतें स्थापित करेगा।

✓ नागरिकता के लिए प्रवासियों की संक्षिप्त सूची तैयार करने वाला पहला राज्य **उत्तर प्रदेश है।**

- **नोट**: उत्तर प्रदेश नए **नागरिकता संशोधन अधिनियम** (CAA) के तहत नागरिकता के पात्र पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए प्रवासियों की संक्षिप्त सूची तैयार करने की कवायद शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।
- यह कवायद उन लोगों की भी पहचान करेगी जो राज्य में अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। सभी 75 जिला मजिस्ट्रेटों को पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन प्रवासियों पर नजर रखने के लिए कहा गया है, जो बिना नागरिकता के दशकों से यहां रह रहे हैं।

✓ **ज़ो कुटपुई** महोत्सव का आयोजन **मिजोरम में** किया गया।

- **नोट**: मिजोरम राज्य सरकार भारत के कम से कम 10 राज्यों और अमेरिका, म्यांमार और बांग्लादेश जैसे देशों में **ज़ो कुटपुई** (महोत्सव) का आयोजन करेगी।
- महोत्सव का प्रथम संस्करण 9 जनवरी को त्रिपुरा के वाघमुन में शुरू होगा और तीन दिनों तक मनाया जाएगा। महोत्सव फिर अन्य राज्यों में आयोजित होगा जहां मिजो आबादी है।

✓ **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज** (NSE) ने एक **AI- संचालित लर्निंग प्लेटफॉर्म NSE नॉलेज हब नई दिल्ली** में लॉन्च किया।

- **नोट**: यह हब बीमा, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की सहायता करेगा। हब ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नवीनतम तकनीक को अपनाया है।

- ✓ महिला विज्ञान कांग्रेस **बेंगलुरु में** आयोजित की गई।
    - **नोट:** DRDO एरोनॉटिकल सिस्टम की महानिदेशक डॉ. टेसी थॉमस, जिन्हें मिसाइल वूमन ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है, इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहीं।
    - महिला विज्ञान सम्मेलन का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को उनकी उपलब्धियों और ज्ञान को प्रदर्शित करने के लिए एकल मंच प्रदान करना है।
    - यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं के लिए एक संदृश्य प्रलेख या मार्गदर्शिका भी तैयार करेगा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने और पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के लिए नीतियों की सिफारिश करेगा।
- ✓ इसरो मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र **चल्लकेरे, कर्नाटक में** स्थापित करेगा।
    - **नोट: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन** (ISRO) ने कर्नाटक के चल्लकेरे चित्रदुर्ग जिले में एक **विशाल मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र** स्थापित करने की घोषणा की।
    - इस उद्देश्य से इसरो ने केंद्र के निर्माण के लिए 2,700 करोड़ रुपये की अवसंरचना योजना का प्रस्ताव पेश किया है और जिसके तीन वर्ष में शुरू होने की उम्मीद है।
- ✓ हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री **जय राम ठाकुर** ने शासन प्रणाली में जनता की भागीदारी को मजबूत करने के लिए **हिमाचल MyGov पोर्टल** शुरू किया।
    - **नोट:** उन्होंने मुख्यमंत्री ऐप भी लॉन्च किया। MyGov हिमाचल प्रदेश के लोगों को अपने विचारों, सुझावों, प्रतिक्रिया के साथ-साथ असंतोष, यदि कोई हो, प्रदान करने में मदद करेगा।
    - MyGov हिमाचल पोर्टल और मुख्यमंत्री ऐप प्रशासन को लोगों के करीब लाएगा और सरकार एवं जनता के बीच पारस्परिक संचार सुनिश्चित करेगा।
    - इस ऐप के लॉन्च के साथ हिमाचल यह सुविधा प्रदान करने वाला 11वां राज्य बन गया है।
- ✓ **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र** (NHSRC) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, देश में सर्वाधिक **इनपेसेंट डिपार्टमेंट** (IPD) केयर **जम्मू और कश्मीर में** दर्ज की गई।
    - **नोट:** रिपोर्ट के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण क्षेत्रों में 96 प्रतिशत IPD केयर सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा प्रदान की गई जो देश के औसत 85 प्रतिशत के मुकाबले उच्चतम है।
    - वर्ष 2016 में, जम्मू और कश्मीर ने जन्म के समय जीवन प्रत्याशा को छोड़कर भारत में सभी उम्र के लिए सर्वाधिक जीवन प्रत्याशा वाला राज्य बनते हुए केरल को पीछे छोड़ दिया।
- ✓ **गुजरात सरकार** ने कहां पर **विक्रम साराभाई बाल नवाचार केंद्र** (VSCIC) स्थापित करने की घोषणा **गांधीनगर में** की।
    - **नोट:** विक्रम साराभाई बाल नवाचार केंद्र (VSCIC) राज्य में बच्चों के नवाचार की पहचान करेगा, उन्हें पोषित और प्रोत्साहित करेगा।
    - **बाल नवाचार महोत्सव** का आयोजन गुजरात विश्वविद्यालय स्टार्ट-अप और उद्यमिता परिषद (GUSEC) द्वारा किया गया।
- ✓ **अलीपुरद्वार, पश्चिम बंगाल में** स्थित बक्सा नेशनल पार्क में चौथा **'बक्सा बर्ड फेस्टिवल'** शुरू हुआ।
    - **नोट:** चार दिवसीय महोत्सव के वर्ष 2020 संस्करण के लिए देश और विदेश के 50 से अधिक पक्षी प्रेमियों ने पंजीकरण कराया है।
    - ग्रेट हॉर्नबिल, सुल्तान टीट और ग्रेटर स्पॉटेड ईगल सहित 300 से अधिक दुर्लभ प्रजातियां इस अवधि के दौरान राष्ट्रीय उद्यान में आती हैं। पक्षी प्रेमी उत्तरी गोलार्ध के ठंडे क्षेत्रों से आने वाले प्रवासी पक्षियों को देखते हैं और उनकी तस्वीर लेते हैं।
- ✓ **सुचिन्द्रम थानुमलायन मंदिर** का प्रसिद्ध रथ महोत्सव **तमिलनाडु में** आयोजित किया जा रहा है।
    - **नोट:** दस दिवसीय वार्षिकोत्सव दिसंबर - जनवरी में पड़ने वाले तमिल महीने में आयोजित होता है।

- मंदिर विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शैव और वैष्णव दोनों संप्रदायों के लिए पवित्र है। 17वीं शताब्दी का यह मंदिर अपनी स्थापत्य महिमा के लिए प्रसिद्ध है।

✓ केंद्रीय गृह मंत्री **अमित शाह** ने देश के पहले साइबर अपराध निवारण विभाग का उद्घाटन किया, विभाग का नाम है-- **आश्वस्त।**

- **नोट**: उन्होंने **वीडियो इंटीग्रेशन एंड स्टेटवाइड एडवांस सिक्योरिटी (VISWAS) प्रॉजेक्ट** भी लॉन्च किया।
- साइबर अपराध निवारण विभाग आश्वस्त में साइबर अपराधों के पीड़ितों के लिए एक विशेष सेवा हेल्पलाइन होगी।

✓ **मेघालय** राज्य ने **21 जनवरी को राज्य दिवस की 48 वीं वर्षगांठ** मनाई।

- **नोट**: मेघालय ने **21 जनवरी को 48वां राज्य दिवस मनाया।** मेघालय दिवस समारोह गणतंत्र दिवस समारोह तक जारी रहेगा।
- वर्ष 1971 में, संसद ने **पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971** पारित किया, जिसने स्वायत्त मेघालय राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया।

✓ केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कहां पर 'फिट इंडिया साइक्लोथॉन' को हरी झंडी दी -- **पणजी, गोवा।**

- **नोट**: केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने गोवा के पणजी में 'फिट इंडिया साइक्लोथॉन' को हरी झंडी दिखाई।
- 'फिट इंडिया साइक्लोथॉन' का यह उद्घाटन कार्यक्रम खेल एवं युवा मामलों के निदेशालय और गोवा सरकार द्वारा आयोजित किया गया।
- यह आयोजन राज्य में बाहरी गतिविधियों में शामिल लोगों द्वारा साइकिल का उपयोग शुरू करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

✓ राज्य का सबसे बड़ा और प्रमुख महोत्सव **'चापचार' कुट** 6 मार्च, 2020 को **मिजोरम में** मनाया जाएगा**।**

- **नोट**: मिजोरम की सरकार 6 मार्च, 2020 को मिजो का सबसे बड़ा और प्रमुख महोत्सव चापचार कुट मनाएगी।
- चापचार कुट झूम कृषि के पूरा होने के बाद आमतौर पर मार्च में मनाया जाने वाला एक वसंत महोत्सव है।
- झूम कृषि, जिसे काट एवं दाह कृषि के नाम से भी जाना जाता है, पेड़ों और वनस्पतियों की भूमि को पहली बार साफ करने और उसके बाद उन्हें जलाने की प्रक्रिया है।

✓ **अरुणाचल प्रदेश** ने ऑर्किड की रेड-लिस्टिंग के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए**।**

- **नोट**: अरुणाचल प्रदेश ने ऑर्किड की रेड-लिस्टिंग के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- अरुणाचल प्रदेश राज्य का पहला राज्य बन गया है जिसने राज्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) 'रेड लिस्टिंग' की शुरुआत की है।

✓ **प्रसिद्ध परशुराम कुंड** मेला **अरुणाचल प्रदेश में** आयोजित किया गया**।**

- **नोट**: प्रसिद्ध परशुराम कुंड मेला अरुणाचल प्रदेश में शुरू हुआ। परशुराम कुंड लोहित नदी के निचले क्षेत्रों में ब्रह्मपुत्र के पठार पर स्थित एक हिंदू तीर्थस्थल है।
- हर वर्ष सर्दियों में हजारों तीर्थयात्री विशेष रूप से मकर संक्रांति के दिन पवित्र कुंड में पवित्र स्नान के लिए यहां आते हैं, ऐसा माना जाता है कि इससे सभी के पाप धुल जाते हैं।

✓ **आंध्र प्रदेश** राज्य मंत्रिमंडल ने तीन राजधानियों के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

- **नोट:** आंध्र प्रदेश सरकार ने तीन राजधानी प्रणाली के लिए आंध्र प्रदेश विकेंद्रीकरण और सभी क्षेत्रों के समावेशी विकास का विधेयक -2020 पारित किया।
- इस विधेयक में विशाखापत्तनम को आंध्र प्रदेश की कार्यकारी राजधानी, अमरावती को विधायी राजधानी और कुरनूल को न्यायिक राजधानी बनाने का प्रस्ताव है।
- इस विधेयक का उद्देश्य विकेंद्रीकृत प्रशासन है जिसके परिणामस्वरूप सामाजिक स्तर पर समान रूप से प्रगति होगी। अब विधेयक विधान परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

✓ एक मंगलसूचक फसल उत्सव माघ बिहू **असम में** मनाया गया।

- **नोट: माघ बिहू**, असम में एक मंगलसूचक फसल उत्सव है। माघ बिहू मध्य-जनवरी के दौरान स्थानीय 'माघ' महीने में मनाया जाता है।
- इसे **'भोगली बिहू'** या 'मघोर बिहू' भी कहा जाता है क्योंकि यह वार्षिक फसल के बाद सामुदायिक उत्सवों के साथ मनाया जाता है।

✓ कृषि मंथन 2020 जो एशिया का एक खाद्य, कृषि-व्यवसाय और ग्रामीण विकास शिखर सम्मेलन था, का पहला संस्करण **अहमदाबाद, गुजरात में** आयोजित किया गया।

- **नोट:** कृषि मंथन 2020 जो एशिया का एक खाद्य, कृषि-व्यवसाय और ग्रामीण विकास शिखर सम्मेलन था, का पहला संस्करण 28-29 दिसंबर, 2019 को अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित किया गया।
- यह आयोजन भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद (IIMA) की खाद्य एवं कृषि व्यवसाय समिति द्वारा आयोजित किया गया था।

✓ नागोबा जात्रा आदिवासी महोत्सव **तेलंगाना** राज्य में मनाया गया।

- **नोट:** नागोबा जात्रा आदिवासी महोत्सव तेलंगाना राज्य में मनाया गया। यह महोत्सव मुख्य रूप से तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के इंद्रवेल्ली मंडल स्थित केसलापुर गांव में मनाया जाता है।
- यह दूसरा सबसे बड़ा जनजातीय महोत्सव है, जो महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखंड और मध्य प्रदेश के गोंड जनजातियों के मेसाराम वंश से संबंधित आदिवासी लोगों द्वारा मनाया जाता है।

✓ पांच दिवसीय महोत्सव **'लाई हरोबा' अगरतला, त्रिपुरा में** शुरु किया गया।

- **नोट:** यह प्राचीन काल से मणिपुरी मेइती समुदायों द्वारा मनाया जाने वाला एक धार्मिक महोत्सव है।
- पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन त्रिपुरा सरकार के सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग, पुतिबा लाई हरोबा समिति और पुतिबा वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी, अगरतला द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।
- लाई हरोबा मौखिक साहित्य, संगीत, नृत्य और अनुष्ठानों के माध्यम से मनाया जाता है।

✓ हरित उद्योगों के लिए परिचालन हेतु प्रत्यक्ष सहमति (Direct Consent to operate) योजना कहां शुरू की गई -- **तमिलनाडु।**

- **नोट:** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री (CM) श्री एडप्पडी के. पलानीस्वामी ने 'हरित उद्योगों के लिए परिचालन हेतु प्रत्यक्ष सहमति' योजना की घोषणा की, ताकि हरित श्रेणी के उद्योगों के लिए सरकार से शीघ्र मंजूरी मिल सके।
- इस योजना की घोषणा चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के 125वें समारोह में की गई थी।

✓ पहला वर्चुअल पुलिस स्टेशन किस राज्य में शुरू किया गया -- **ओडिशा।**

- **नोट:** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर स्थित राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो में राज्य के पहले वर्चुअल पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया है, यह पुलिस स्टेशन अज्ञात मोटर

वाहन चोरी के मामलों में FIR (प्रथम सूचना रिपोर्ट) के ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान करेगा।

- यदि कोई मामला 21 दिनों तक नहीं खोजा जाता है, तो अंतिम फॉर्म स्वचालित रूप से क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (CCTNS) पर दिखाई देगा।

✓ किस राज्य के हवाई अड्डे में केवल महिलाओं के लिए **"वोमेन विद व्हील्स"** नामक 'कैब सेवा' शुरू की गई है -- **नई दिल्ली।**

- **नोट:** महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'सखा कैब' द्वारा इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (IGIA), नई दिल्ली में व्हील्स कैब सेवा शुरू की गई।
- टैक्सियों का परिचालन महिला चालकों द्वारा किया जाता है और यह सेवाएं केवल महिलाओं या परिवार के साथ यात्रा करने वाले पुरुषों को प्रदान की जाती है।
- महिला चालकों और महिला यात्रियों की मदद के लिए कैब में GPS (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) और पैनिक बटन लगाया गया था।

✓ महाराष्ट्र सरकार के बाद किस राज्य सरकार ने स्कूलों के लिए हर शनिवार को संविधान की प्रस्तावना पढ़ना अनिवार्य कर दिया -- **मध्य प्रदेश।**

- **नोट:** मध्यप्रदेश सरकार ने स्कूलों के लिए संविधान की संप्रभुता के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को संविधान की प्रस्तावना पढ़ना अनिवार्य कर दिया।
- यह विद्यार्थियों को न्याय, समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे के मूल सिद्धांतों को समझाने के लिए किया गया है।
- पहले महाराष्ट्र सरकार ने सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ना अनिवार्य कर दिया था

✓ **आंध्र प्रदेश** राज्य ने विधान परिषद खत्म करने का प्रस्ताव अंगीकृत किया।

- **नोट:** आंध्र प्रदेश मंत्रिमंडल ने विधान परिषद को खत्म करने के लिए एक प्रस्ताव अपनाया है, जिसके विषय में सरकार का मानना है कि यह महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करने के लिए एक बड़ी बाधा है।
- इस मंत्रिमंडल की अध्यक्षता मुख्यमंत्री **वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी** ने की।

✓ **महाराष्ट्र** राज्य सरकार ने स्कूलों में 'संविधान की प्रस्तावना' को पढ़ना अनिवार्य कर दिया।

- **नोट:** महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र के स्कूलों में संविधान की प्रस्तावना पढ़ना अनिवार्य कर दिया।
- महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र के सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना के बाद संविधान की प्रस्तावना को पढ़ना अनिवार्य कर दिया है।
- उपरोक्त निर्णय 26 जनवरी 2020 से एक कार्यक्रम "संविधान की संप्रभुता, सभी का सार्वजनिक हित" के माध्यम से लागू किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण खबरें: भारत

---

✓ SDG इंडिया इंडेक्स और डैशबोर्ड 2019 **नीति आयोग ने** जारी किया।

- **नोट:** सरकारी विचार मंच **नीति आयोग** ने नई दिल्ली में वर्ष 2019 के लिए **सतत विकास लक्ष्य (SDG) इंडिया इंडेक्स और डैशबोर्ड** का दूसरा संस्करण जारी किया।
- यह इंडेक्स वर्ष 2030 SDG लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में भारत के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की प्रगति का लिखित प्रमाण प्रस्तुत करता है।
- केरल ने 70 के स्कोर के साथ संयुक्त SDG इंडेक्स में पहला स्थान हासिल किया, उसके बाद हिमाचल प्रदेश 69वें स्थान पर है।
- आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु 67 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।
- जबकि बिहार नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य (SDG) इंडिया इंडेक्स में सबसे नीचे है।

✓ छोटे उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए भारत का **दूसरा स्पेसपोर्ट** तमिलनाडु के **तूतूकुडी** जिले में स्थापित किया जाएगा।

- **नोट:** देश का पहला स्पेसपोर्ट आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में है, जो चेन्नई से लगभग 90 किलोमीटर उत्तर पूर्व में है।
- तूतूकुड़ी चेन्नई से लगभग 600 किमी दक्षिण पूर्व में है। नया स्थान सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में 500 किलोग्राम से कम के छोटे उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए अनुकूल है।

✓ **भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) एशियाई शेरों** की गणना **मई 2020 में** आयोजित करेगा।

- **नोट:** एशियाई शेरों के अंतिम निवास स्थान गुजरात में 2020 की शेर गणना को पूरा करने के लिए लगभग 8,000-10,000 कैमरों का उपयोग किया जाएगा।
- 2015 की शेर गणना ने राज्य में 523 शेरों की गिनती की थी। उम्मीद की जा रही है कि संख्या में असाधारण वृद्धि हुई होगी, संभवत: यह 1,000 के आंकड़े के पार हो गई होगी।
- पूरे गणना क्षेत्र को 3-किमी ग्रिड में विभाजित किया जाएगा। अधिकारी बाल, नाखून, दांत आदि इकट्ठा करेंगे। संग्रह प्रक्रिया NTCA द्वारा निर्धारित वैज्ञानिक विधियों का उपयोग करके की जाएगी।

✓ **कृषि मंत्रालय** की घोषणा के अनुसार रबी फसलों के बुवाई क्षेत्र में **36 लाख हेक्टेयर** कि वृद्धि हुई है।

- **नोट:** यह मुख्य रूप से रबी उगाने वाले राज्यों में मिट्टी की नमी में सुधार के कारण हुई है। रबी फसलों का कुल क्षेत्र पिछले वर्ष **536 हेक्टेयर था और यह बढ़कर 571 हेक्टेयर** हो गया।
- इनमें से 297 लाख हेक्टेयर में गेहूं, 14 लाख हेक्टेयर में चावल, 46 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज और 74 लाख हेक्टेयर में तिलहन बोया गया है।

✓ प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने **भारतीय विज्ञान कांग्रेस** (ISC) के 107वें संस्करण का उद्घाटन **बेंगलुरु में** किया।

- **नोट:** ISC 2020 का विषय "विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी: ग्रामीण विकास" है। यह समारोह वैज्ञानिक नवाचार और अनुसंधान पर चर्चा करने के लिए दुनिया भर के वैज्ञानिकों को एक साथ लाता है।
- नोबेल पुरस्कार विजेताओं, वैज्ञानिकों, बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं, छात्रों और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों सहित 15,000 से अधिक प्रतिभागी इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।
- समारोह के दौरान 28 पूर्ण सत्र होंगे, जिसमें क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर से लेकर खाद्य सुरक्षा, खाद्य के लिए फसल सुधार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए पोषण सुरक्षा और मेडिकल टेक्नोलॉजी क्षेत्र शामिल होंगे।

✓ **श्रम मंत्रालय शिकायतों** के त्वरित समाधान के लिए **संतुष्ट** पोर्टल शुरू करेगा।

- **नोट:** श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों और नियोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निवारण और बुनियादी स्तर पर श्रम कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक नया **पोर्टल 'संतुष्ट'** शुरू करने की घोषणा की है।
- प्रारंभ में, 'संतुष्ट' औपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को सेवानिवृत्ति निधि निकाय EPFO और स्वास्थ्य बीमा एवं सेवा प्रदाता ESIC द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं की निगरानी करेगा।
- श्रमिक और नियोक्ता अपनी शिकायतें पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं, जिसका प्रबंधन एक आंतरिक निगरानी प्रकोष्ठ द्वारा किया जाएगा जिसमें पांच से छह अधिकारी शामिल होंगे।

✓ **14वें ग्लोबल हेल्थकेयर समिट 2021** की मेजबानी **विशाखापत्तनम** करेगा।
- **नोट:** समिट की विवरण पुस्तिका 30 दिसंबर 2019 को सांसद एम.वी.वी. सत्यनारायण द्वारा जारी की गई थी।
- ग्लोबल हेल्थ समिट का मुख्य विषय एक भारत-केंद्रित दृष्टिकोण है, जिसमें विशेष कार्यक्रम जैसे वैश्विक प्रभाव और किफायती दवाएं प्रदान करने में भारत का योगदान और स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी को दूर करना है।
- पहली बार, 14वीं ग्लोबल हेल्थकेयर समिट आंध्र प्रदेश में आयोजित की जाएगी और इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

✓ मानव संसाधन विकास मंत्री **रमेश पोखरियाल** ने **नई दिल्ली में** स्थित प्रगति मैदान में वार्षिक **नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले** के 28वें संस्करण का उद्घाटन किया।
- **नोट:** महात्मा गांधीजी की 150वीं जयंती समारोह के हिस्से के रूप में, इस वर्ष का विषय 'गांधी: द राइटर्स राइटर' है।प्रख्यात गांधीवादी विद्वान गिरीश्वर मिश्र इस अवसर पर मुख्य अतिथि हैं।
- पुस्तक मेले का आयोजन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (NBT) द्वारा किया गया है।
- मेले की अन्य विशेषताओं में - विषय मंडप, लेखकों का स्थान, संगोष्ठी कक्ष, ब्रेल पुस्तकें, बच्चों का मंडप और विदेशी राष्ट्रों का मंडप शामिल होंगे।

✓ **भारतीय रेलवे** ने यात्रियों के लिए एकल हेल्पलाइन नंबर **139** लॉन्च दिया।
- **नोट: भारतीय रेलवे** ने यात्रियों को अपनी ट्रेन यात्रा के दौरान त्वरित शिकायत निवारण और पूछताछ के लिए **एकल नंबर 139** में अपने सभी हेल्पलाइन नंबरों को जोड़ दिया है।
- नया हेल्पलाइन नंबर 139 सभी मौजूदा हेल्पलाइन नंबरों की जगह लेगा।
- यात्रियों के लिए इस नंबर को याद रखने और ट्रेन यात्रा के दौरान सभी जरूरतों के लिए रेलवे से संपर्क करने में आसानी होगी।

✓ इस वर्ष **गणतंत्र दिवस परेड** आयोजन में शामिल होने के लिए **22 झांकियों** के प्रस्ताव (16-राज्य और 6-केंद्रीय मंत्रालय) को चुना गया।
- **नोट:** रक्षा मंत्रालय को इस संबंध में **राज्यों से 32 और मंत्रालयों से 24 सहित कुल 56 झांकियों** के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे।झांकी के प्रस्तावों का मूल्यांकन कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत और वास्तुकला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संबंधित विशेषज्ञ समिति की बैठकों में किया जाता है।
- ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो वर्ष 2020 में भारतीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

✓ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन **नई दिल्ली में** शुरू किया।
- **नोट:** सम्मेलन अखिल भारतीय व्यापारिक परिसंघ द्वारा आयोजित किया गया है और व्यापारियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगा।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में व्यापारिक समुदाय की भूमिका पर चर्चा करना होगा।

- उन्होंने कहा कि राजग सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

✓ **समुद्री पारिस्थितिकी प्रणालियां- चुनौतियां और अवसर** (MECOS-3) पर तीसरी अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी **कोच्चि** में आयोजित की जाएगी।
- **नोट**: दुनिया भर के प्रतिष्ठित समुद्री वैज्ञानिकों, समुद्र जैवप्रौद्योगिकीविदों, मत्स्य शोधकर्ताओं और समुद्री जैव प्रौद्योगिकीविदों के इसमें भाग लेने की उम्मीद है।

✓ **5वीं ग्लोबल ड्रॉसोफिला कॉन्फ्रेंस पुणे में** आयोजित हुई।
- **नोट: एशिया पैसेफिक ड्रॉसोफिला रिसर्च कॉन्फ्रेंस** का पांचवां संस्करण (APDRC5) पुणे में आयोजित किया गया।
- **भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (IISER)** द्वारा पहली बार देश में सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

✓ भारत ने **क्यूबा में** सोलर पार्कों के लिए 75 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता में विस्तार किया।
- **नोट: निर्यात-आयात बैंक** (एक्जिम बैंक) ने क्यूबा में 75 मेगावाट फोटोवोल्टिक सोलर पार्क के वित्तपोषण के लिए **75 मिलियन डॉलर की ऋण सहायता** प्रदान की है।
- एक्जिम बैंक भारत का प्रमुख वित्त निर्यात संस्थान है। इस संदर्भ में एक्जिम बैंक ने 16 जुलाई, 2019 को बैंको एक्सटीरियर डी क्यूबा के साथ एक समझौता किया है।

✓ **खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग** (KVIC) ने कहां पर स्थित सुरेंद्रनगर में पहले **रेशम प्रसंस्करण संयंत्र** (सिल्क प्रॉसेसिंग प्लांट) का **गुजरात में** उद्घाटन किया।
- **नोट**: इससे रेशमी सूत के उत्पादन की लागत में भारी कटौती में मदद मिलेगी और स्थानीय गुजराती 'पटोला' साड़ियों के लिए कच्चे माल की बिक्री और उपलब्धता में वृद्धि होगी।
- एक खादी संस्था द्वारा 75 लाख रुपये की लागत से संयंत्र स्थापित किया गया है, जिसमें KVIC ने 60 लाख रुपये का योगदान दिया है।

✓ **केंद्र सरकार** ने वर्ष 2019 में विभिन्न आपदाओं के कारण होने वाली क्षति के लिए सात राज्यों को सहायता के रूप में **5,908.56 करोड़ रुपये** प्रदान करने की मंजूरी दी।
- **नोट**: इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, असम, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और त्रिपुरा शामिल हैं।
- नई दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय समिति की बैठक में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (NDRF) से सात राज्यों को अतिरिक्त केंद्रीय सहायता के अंतर्गत राहत राशि दी गई।

✓ **भारतीय नौसेना** ने नौसेना डॉकयार्ड **मुंबई** में भारत की समुद्री विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक अभियान शुरू किया।
- **नोट**: यह अभियान महाराष्ट्र के सुदूर उत्तरी किले अर्नाला दुर्ग से महाराष्ट्र के सुदूर दक्षिणी किले सिंधदुर्ग तक फैला हुआ है, जिनके बीच 555 किमी से अधिक दूरी है।
- अभियान 11 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा।

✓ दक्षिण कोरियाई ऑटोमोबाइल निर्माता जिसने **इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी** का उत्पादन करने के लिए अमेरिकी कंपनी **उबर** के साथ साझेदारी की --**हुंडई मोटर कंपनी**।
- **नोट**: हुंडई ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो 2020 में उबेर के साथ संयुक्त रूप से विकसित एक कॉन्सेप्ट पीएवी (पर्सनल एयर व्हीकल) का भी अनावरण किया।
- हुंडई उबर एलिवेट पहल में शामिल होने वाली पहली ऑटोमोटिव कंपनी है। साझेदारी के तहत, हुंडई एयर व्हीकल का उत्पादन करेगी और उबर एरियल राइडशेयर नेटवर्क के माध्यम से हवाई क्षेत्र सहायता सेवाएं, भू परिवहन संपर्क और ग्राहक इंटरफेस प्रदान करेगी।

- ✓ केंद्रीय **गृह मंत्री अमित शाह** ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर **कर्मयोद्धा ग्रंथ** पुस्तक का विमोचन किया।
    - **नोट:** गृह मंत्री ने विमोचन सभा को संबोधित किया और कहा कि एक कर्म योद्धा के गुण जैसे लोगों के प्रति एक सुंदर हृदय, एक राजनेता, एक सख्त कार्यपालक, एक योग्य प्रशासक और एक आदर्श नेता जो आदर्शरूप में नेतृत्व करता है, नरेंद्र मोदी को दर्शाते हैं।
- ✓ **वैश्विक निवेशक सम्मेलन 'ASCEND 2020' कोच्चि, केरल में** आयोजित किया जाएगा।
    - **नोट:** केरल सरकार सम्मेलन में कोच्चि-से-पलक्कड़ एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर, ओट्टापलम में एक डिफेंस पार्क और एर्नाकुलम में एक इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर पार्क सहित 18 मेगा परियोजनाएं सामने लाएगी।
    - सम्मेलन में आयोजकों को उनके पूंजी निवेश के अवरोही क्रम में बड़े, मध्यम और छोटे के रूप में वर्गीकृत 70 अन्य परियोजनाओं को भी दिखाया जाएगा।यह सम्मेलन केरल के उद्योग विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा।
- ✓ **31वां अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव साबरमती रिवरफ्रंट, अहमदाबाद में** शुरू हुआ।
    - **नोट:** 'उत्तरायण' या 'मकर संक्रांति' के आधिकारिक उत्सव के एक भाग के रूप में, अहमदाबाद वर्ष 1989 से अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव आयोजित कर रहा है।यह उत्सव 13 जनवरी तक साबरमती रिवरफ्रंट पर जारी रहेगा।
    - भारत और विदेश के 150 पतंगबाज इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।
- ✓ **भारत की जनगणना-2021, 1 अप्रैल, 2020** से शुरू होगी।
    - **नोट:** यह पारंपरिक कलम और कागज के स्थान पर एक मोबाइल फोन एप्लिकेशन के माध्यम से की जाएगी।
    - देश के अधिकांश भाग में संदर्भ की तारीख 1 मार्च 2021 और जम्मू और कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ क्षेत्रों के लिए 1 अक्टूबर 2020 होगी।
    - भारतीय जनगणना भारतीय नागरिकों के विभिन्न अभिलक्षणों पर विभिन्न सांख्यिकीय जानकारी का सबसे बड़ा एकल स्रोत है।
- ✓ **अमित शाह** ने **भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र** (I4C) का उद्घाटन किया और **राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल** (**www.cybercrime.gov.in**) राष्ट्र को समर्पित किया।
    - **नोट:** राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल एक नागरिक-केंद्रित पहल है जो नागरिकों को पोर्टल के माध्यम से साइबर अपराधों की ऑनलाइन रिपोर्ट करने में सक्षम बनाएगा।
    - यह महिलाओं, बच्चों के खिलाफ अपराध, विशेष रूप से चाइल्ड पोर्नोग्राफी, बाल यौन शोषण सामग्री, बलात्कार से संबंधित ऑनलाइन सामग्री पर विशेष ध्यान देने के साथ सभी साइबर अपराध दर्ज कराने में सक्षम बनाता है।
    - साइबर-अपराध संबंधी सभी शिकायतें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा कानून के अनुसार कार्यवाही करके हल की जाएंगी।
- ✓ ऊर्जा मंत्री **आर.के. सिंह** ने **राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2019** सूचकांक जारी किया।
    - **नोट:** 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऊर्जा दक्षता पहल की प्रगति पर नजर रखता है। इस वर्ष सूचकांक में पांच अलग-अलग क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता पहल, कार्यक्रमों और परिणामों का आकलन करने के लिए गुणात्मक, मात्रात्मक और परिणाम आधारित संकेतक शामिल हैं।
    - सूचकांक को एलायंस फॉर एन एनर्जी इफिशिएंट इकोनॉमी के साथ मिलकर ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित किया गया है।
- ✓ **दलहन संगोष्ठी का पांचवां संस्करण लोनावला, महाराष्ट्र** में **12-14 फरवरी 2020** को आयोजित किया जाएगा।

- **नोट**: IPGA को भारत और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, म्यांमार, इथियोपिया, युगांडा, तंजानिया, मोजाम्बिक, मलावी जैसे प्रमुख दलहन निर्यातक देशों से 1500 व्यापार हितधारकों के भाग लेने की उम्मीद है।
- IPGA देश के दलहन व्यापार और उद्योग के लिए नोडल संस्था है। सम्मेलन का उद्देश्य निर्यात में वृद्धि, प्रसंस्करण क्षमता, प्रोटीन निष्कर्षण, मूल्य संवर्धन और कटाई के बाद प्रबंधन करना है।

✓ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री **उद्धव ठाकरे** ने **औरंगाबाद** पर **एडवांटेज महाराष्ट्र एक्सपो 2020** का उद्घाटन किया।
- **नोट**: चार दिवसीय विशाल औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन मराठवाड़ा एसोसिएशन ऑफ स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एंड एग्रीकल्चर (MASSIA) द्वारा किया गया है।
- प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में मराठवाड़ा उद्योगों की वृद्धि और क्षेत्र से उत्पादित और निर्यात किए गए उत्पादों को इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा।
- यह प्रदर्शनी महत्वाकांक्षी व्यवसायों के लिए अवसर प्रदान करेगी और छोटे उद्यमियों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगी।

✓ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कहां पर 1,656 किलोमीटर गैस ग्रिड के निर्माण के लिए 5,559 करोड़ की वायबिलिटी गैप फंडिग मुहैया कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी -- **पूर्वोत्तर क्षेत्र।**
- **नोट**: यह फंड नॉर्थ ईस्ट नेचुरल गैस पाइपलाइन ग्रिड की स्थापना के लिए इंद्रधनुश गैस ग्रिड लिमिटेड को उपलब्ध कराया जाएगा।
- पूर्वोत्तर के 8 राज्यों में गैस पाइपलाइन विकसित की जाएगी; इससे इन राज्यों में औद्योगिक वातावरण का विकास होगा और क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

✓ भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत को **वर्ष 2021 तक** शामिल किए जाने की संभावना है।
- **नोट**: यह कैरियर कोच्चि स्थित कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL) में बनाया जा रहा है।
- नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह के अनुसार, विक्रांत वर्ष 2022 तक पूरी तरह से शुरू हो जाएगा और इसमें मिग -29K विमानों का बेड़ा होगा।

✓ केंद्रीय इस्पात मंत्री **धर्मेंद्र प्रधान** ने एकीकृत इस्पात हब के माध्यम से पूर्वी भारत के विकास को गति प्रदान करने वाला कौन सा मिशन शुरू किया **मिशन पूर्वोदय।**
- **नोट**: मिशन के तहत, सरकार ग्रीनफील्ड इस्पात संयंत्रों की स्थापना को आसान बनाने के माध्यम से क्षमता बढ़ाएगी, एकीकृत इस्पात संयंत्रों के पास इस्पात समूहों के साथ-साथ मांग केंद्र विकसित करेगी।

✓ **नरेंद्र मोदी** ने **कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट** का नाम बदलकर **श्यामा प्रसाद मुखर्जी** के नाम पर करने की घोषणा की**।**
- **नोट**: यह घोषणा ऐतिहासिक कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई। इस कार्यक्रम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे।
- उन्होंने कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट की स्थापना के 150 वर्षों के उपलक्ष्य में राष्ट्र को एक स्मारक टिकट समर्पित किया।
- कार्यक्रम के दौरान सुंदरवन की 200 आदिवासी छात्राओं के लिए कौशल विकास केंद्र और प्रीतिलता छत्री आवास का भी उद्घाटन किया गया।

✓ **'विंग्स इंडिया 2020'** हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर **मार्च 2020** को आयोजित किया जाएगा।
- **नोट**: नागरिक उड्डयन क्षेत्र में द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन, **'विंग्स इंडिया 2020'** हैदराबाद, तेलंगाना के बेगमपेट हवाई अड्डे पर 12-15 मार्च, 2020 तक आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शनी का विषय "फ्लाइंग फॉर ऑल" है।

✓ **वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी समिट 2020 अबू धाबी को** आयोजित हुई।
- **नोट**: चार दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन भविष्य की ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और ऊर्जा दक्षता के उन्नतिकरण के लिए समर्पित है।

- इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का विषय "Rethinking Global Consumption, Production, and Investment" है।
- वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी समिट मध्य पूर्व का सबसे बड़ा भविष्य की ऊर्जा एवं संवहनीयता कार्यक्रम है।

✓ **शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के 8 अजूबों** में **स्टेच्यू ऑफ यूनिटी को** शामिल किया गया।
- **नोट:** स्टेच्यू ऑफ यूनिटी स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा है।
- 182 मीटर ऊंची यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने अक्टूबर 2018 में सरदार वल्लभभाई पटेल की 143वीं जयंती पर किया था।
- प्रतिमा का उद्घाटन वर्ष 2018 में सरदार वल्लभभाई पटेल की 143वीं जयंती पर किया गया था।

✓ भारतीय नौसेना के जहाजों और पोतों में उपयोग के लिए नाटो ग्रेड का एक विशेष श्रेणी का डीजल **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) ने** विकसित किया **।**
- **नोट:** वाइस एडमिरल जी.एस. पब्बी ने नई दिल्ली में **अपग्रेडेड हाई फ्लैश हाई-स्पीड डीजल (HFHSD- IN 512) लॉन्च** किया।

✓ हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2020 **हेनले एंड पार्टनर्स ने** जारी किया**।**
- **नोट:** यह रिपोर्ट इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट **एसोसिएशन** (IATA) से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर हर वर्ष प्रकाशित की जाती है।
- इंडेक्स के अनुसार भारतीय पासपोर्ट को दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्टों की सूची में 84वें स्थान पर रखा गया है, जो वर्ष 2019 के 82वें स्थान से दो स्थान नीचे है।

✓ दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते शहरी क्षेत्रों / सबसे तेजी से बढ़ते शहरों को रैंक प्रदान करने वाला सर्वेक्षण **इकोनॉमिक इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) ने** जारी किया**।**

✓ मार्च 2020 में अंतर्राष्ट्रीय **नौसैनिक अभ्यास 'MILAN'** की मेजबानी **विशाखापत्तनम** करेगा**।**
- **नोट:** वर्ष 2020 के लिए अभ्यास का विषय 'Synergy Across the Seas' है। MILAN अभ्यास जिसे पूर्वी नौसेना कमान (ENC) द्वारा आयोजित किया जाएगा, का उद्देश्य विदेशी नौसेनाओं के बीच व्यावसायिक वार्ताओं को बढ़ाना और समुद्री क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का उपयोग करना है।
- भारत ने विभिन्न देशों की 41 नौसेनाओं को आमंत्रित किया है जिनमें से 30 नौसेनाओं ने MILAN 2020 में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

✓ **साउथ एशियन ट्रेड एंड ट्रैवल एक्सचेंज एक्सपो** (SATTE) 2020 का 27वां संस्करण **ग्रेटर नोएडा - दिल्ली NCR में** स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित किया गया।
- **नोट:** यह क्षेत्र में यात्रा जगत के प्रमुख नेताओं को एक साथ लाने के लिए शुरू किया गया एक वार्षिक तीन दिवसीय B2B ट्रेड शो है।
- यह भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शकों और खरीदारों को नई साझेदारी विकसित करने और व्यापार को मजबूत करने के लिए आमंत्रित करता है।

✓ **12वां राष्ट्रीय जनजातीय युवा विनिमय कार्यक्रम पुदुचेरी में** आयोजित हुआ**।**
- **नोट:** 12वां राष्ट्रीय जनजातीय युवा विनिमय कार्यक्रम पुडुचेरी में शुरू हुआ। पुडुचेरी की उप-राज्यपाल डॉ. किरण बेदी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एक सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों के दो सौ युवा भाग ले रहे हैं।
- जनजातीय युवाओं का विकास और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र संगठन (NYKS) और पुडुचेरी सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

✓ **केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने ELECRAMA 2020** का उद्घाटन **ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में** किया**।**
- **नोट:** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावड़ेकर उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में ELECRAMA 2020 का उद्घाटन किया।

- ELECRAMA भारतीय विद्युत उद्योग की प्रमुख प्रदर्शनी और भविष्य के ऊर्जा पारगमन के लिए प्रौद्योगिकी, नए रुझानों और नवाचार के संबंध में भारतीय उद्योग के साथ दुनिया को जोड़ने का एक मंच है।
- इस वर्ष के आयोजन का विषय ई-मोबिलिटी, ऊर्जा संग्रहण, स्टार्ट-अप्स, ग्रिड रूपांतरण, राजस्व सुरक्षा के साथ लघु और मध्यम उद्यमों (SME) पर विशेष ध्यान देना है।

✓ **केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री** प्रहलाद सिंह पटेल ने "इंडियन हेरिटेज इन डिजिटल स्पेस" नामक प्रदर्शनी का शुभारंभ **नई दिल्ली में** किया।

- **नोट:** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में "इंडियन हेरिटेज इन डिजिटल स्पेस" नामक एक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी देश में अपनी तरह की पहली प्रदर्शनी है। प्रदर्शनी 15 फरवरी, 2020 तक जारी रहेगी।

✓ **भारतीय क्षेत्र की कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (CPA)** का **7वां सम्मेलन लखनऊ, उत्तर प्रदेश में** हुआ।

- **नोट:** भारतीय क्षेत्र की कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (CPA) का 7वां सम्मेलन उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शुरू हुआ।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का मुख्य विषय 'ROLE OF LEGISLATORS' है।
- सम्मेलन में, प्रतिनिधियों ने बजटीय प्रस्तावों की जांच के लिए कानून निर्माताओं की क्षमता निर्माण और विधान व्यवसाय पर विधायकों के ध्यान को बढ़ाने पर चर्चा की।

✓ **NIC टेक कॉन्क्लेव -2020** का दूसरा संस्करण आयोजित किया। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली में इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।

- **नोट:** NIC टेक कॉन्क्लेव -2020 का दूसरा संस्करण शुरू हुआ। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली में इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह कॉन्क्लेव देश भर के सरकारी अधिकारियों के क्षमता निर्माण में अत्यधिक योगदान देगा और उच्च गुणवत्ता वाली नागरिक-केंद्रित सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगा।
- इस वर्ष के कॉन्क्लेव का विषय "Technologies for Next-Gen Governance" है।

✓ जनगणना 2021 पर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों का सम्मेलन **नई दिल्ली में** आयोजित हुआ।

- **नोट:** जनगणना 2021 पर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों का सम्मेलन और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) का अपडेट नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।
- जनगणना में संग्रहित आंकड़े देश के लोगों के कल्याण के लिए नीतियों को तैयार करने में हमारी मदद करते हैं।
- गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जनगणना 2021 के लिए आधिकारिक शुभंकर का भी उद्घाटन किया।

✓ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाली पीएम खड्ग प्रसाद शर्मा ओली ने संयुक्त रूप से कहां पर दूसरी एकीकृत चेक पोस्ट का उद्घाटन **जोगबनी (बिहार, भारत) - बिराटनगर (नेपाल) में** किया।

- **नोट:** भारतीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री श्री खड्ग प्रसाद शर्मा ओली के साथ संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दूसरे एकीकृत चेक पोस्ट (ICP) जोगबनी (बिहार, भारत) - बिराटनगर (नेपाल) का उद्घाटन किया।
- जोगबनी - बिराटनगर दोनों राष्ट्रों के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापार केंद्र के रूप में कार्य करते हैं और यह आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण हैं।

- ✓ **'वन नेशन, वन राशन कार्ड' योजना 1 जून, 2020** तक पूरे देश में लागू की जाएगी।
    - **नोट:** 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' योजना 1 जून, 2020 तक पूरे देश में लागू की जाएगी।
    - यह घोषणा उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, राम विलास पासवान द्वारा की गई थी।
- ✓ **कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न** के खिलाफ सख्त कानून बनाने वाली समिति की अध्यक्षता **श्री अमित शाह** करेंगे।
    - **नोट:** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री (MoHA) श्री अमित शाह की अध्यक्षता में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए कानूनी ढांचे को और मजबूत करने हेतु गठित मंत्री समूह (GoM) ने इसके लिए सिफारिशों को अंतिम रूप दिया।
- ✓ मध्यस्थता के माध्यम से निपटाए गए विवादों को कानूनी रूप देने हेतु मसौदा कानून के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति का नेतृत्व **निरंजन भट ने** किया।
    - **नोट:** सुप्रीम कोर्ट ने मध्यस्थता के माध्यम से विवादों को कानूनी रूप देने हेतु मसौदा कानून के लिए निरंजन भट की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया, जिसे शीर्ष अदालत के सुझाव के रूप में सरकार को भेजा जाएगा।
- ✓ भारत के प्रमुख शहरों में भूकंपीय संकट माइक्रोज़ोन प्रॉजेक्ट **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) ने** शुरू किया।
    - **नोट:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) ने भारत के प्रमुख शहरों में भूकंपीय संकट माइक्रोज़ोन प्रॉजेक्ट शुरू किया है।
    - इस परियोजना का उद्देश्य उच्च-भूकंपीय क्षेत्र IV और V के अंतर्गत आने वाले प्रमुख भारतीय शहरों और क्षेत्रों में उचित उपाय करके भूकंपीय गतिविधियों के खतरों को कम करना है।
    - यह परियोजना सिक्किम राज्य और अन्य आठ शहरों जैसे दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, गुवाहाटी, जबलपुर, देहरादून अहमदाबाद और गांधीधाम में पूरी हो चुकी है।
- ✓ **केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री (MoL&J) श्री रविशंकर प्रसाद** ने ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र (CoE) का उद्घाटन **बेंगलुरु, कर्नाटक में** किया।
    - **नोट:** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री (MoL&J) श्री रविशंकर प्रसाद ने कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा स्थापित ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र (CoE) का उद्घाटन किया।
    - उत्कृष्टता केंद्र को एक ब्लॉकचेन सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है और यह सभी हितधारकों को साथ मिलकर सीखने, अनुभवों और संसाधनों से लाभान्वित करने में मदद करता है।
- ✓ नीति आयोग ने **लद्दाख में** अवसंरचना परियोजनाओं के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
    - **नोट:** नीति अयोग और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख ने लद्दाख में अवसंरचना परियोजनाओं के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
    - इस पर हस्ताक्षर नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. योगेश सूरी और लद्दाख के उप-राज्यपाल उमंग नरूला के सलाहकार ने हस्ताक्षर किए गए।
    - इस समझौते को नीति आयोग के CEO अमिताभ कांत की उपस्थिति में कार्यान्वित किया गया था।
- ✓ भारतीय रेलवे के दक्षिण मध्य जोन ने डोरस्टेप बैंकिंग प्रदान करने के लिए किसके साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर **भारतीय स्टेट बैंक ने** किए।
    - **नोट:** डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए, भारतीय रेलवे के दक्षिण मध्य जोन ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- समझौता ज्ञापन के अनुसार, दक्षिण मध्य जोन के 585 रेलवे स्टेशनों पर डोरस्टेप बैंकिंग सुविधा प्रदान की जाएगी।
- **"डोरस्टेप बैंकिंग" रेलवे स्टेशनों** से प्रत्यक्ष रूप से धन संग्रहण की सुविधा प्रदान करेगी और ट्रेनों द्वारा नकदी अलमारियों के माध्यम से नकदी की आवाजाही की जटिल गतिविधि को बचाएगी।

✓ व्यापार और निवेश पर भारत-नॉर्वे वार्ता का पहला सत्र **नई दिल्ली में** आयोजित हुआ।

- **नोट**:व्यापार और निवेश पर भारत-नॉर्वे वार्ता का पहला सत्र नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- रत-नॉर्वे व्यापार एवं निवेश वार्ता (DTI) का पहला सत्र 15-16 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। यह सत्र विचारार्थ विषयों (ToR) पर आधारित था, जिस पर भारत और नॉर्वे द्वारा 8 जनवरी 2019 को नई दिल्ली में नॉर्वे की प्रधानमंत्री इर्ना सोलबर्ग की भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित किए गए थे।

✓ **विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्र** का उद्घाटन **हैदराबाद, तेलंगाना में** किया गया।

- **नोट**: विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्र का उद्घाटन तेलंगाना के हैदराबाद में कान्हा शांति वनम में किया गया।
- यह केंद्र श्री राम चंद्र मिशन (SRCM) और हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर निर्मित किया गया।
- 1,00,000 लोगों की बैठक क्षमता सहित एक केंद्रीय कक्ष और आठ परिधीय कक्ष वाले ध्यान केंद्र में ध्यान प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

✓ भारतीय रेलवे ने भारत का पहला सरकारी अपशिष्ट-से-ऊर्जा बनाने वाला संयंत्र **भुवनेश्वर में** शुरू किया।

- **नोट**: भारतीय रेलवे ने ईस्ट कोस्ट रेलवे जोन के अंतर्गत भुवनेश्वर के मानेस्वर कैरिज रिपेयर वर्कशॉप में भारत का पहला सरकारी अपशिष्ट-से-ऊर्जा निर्माण संयंत्र शुरू किया है।
- यह 1.79 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है और इसमें जिसमें प्लास्टिक और ई-कचरा शामिल सहित 500 किलोग्राम कचरे का निपटान करने की क्षमता है।

✓ स्प्रिट ऑफ इंडिया की प्रशंसा करने वाला महोत्सव "भारत पर्व 2020" **लाल किला, नई दिल्ली में** मनाया गया।

- **नोट**:स्प्रिट ऑफ इंडिया की प्रशंसा करने वाला महोत्सव "भारत पर्व 2020" नई दिल्ली के लाल किला मैदान में शुरू हुआ।
- भारत पर्व का उद्देश्य लोगों को देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रोत्साहित करना और 'देखो अपना देश' की भावना को जगाना है।

✓ भारत का पहला **महात्मा गांधी कन्वेंशन सेंटर नाइजर में** खोला गया।

- **नोट**: भारत का पहला महात्मा गांधी कन्वेंशन सेंटर नाइजर में खोला गया। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और नाइजर के राष्ट्रपति महामदौ इस्सोउफौ ने महात्मा गांधी की स्मृति में भारत द्वारा अफ्रीका में स्थापित पहले कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन किया।

✓ वह राज्य जिसे 'समुचित कार्य एवं आर्थिक विकास' श्रेणी में सतत विकास लक्ष्य (SDG) भारत सूचकांक 2019 में पहला राज्य चुना गया -- **तेलंगाना।**

- **नोट**: संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) भारत के अनुसार, भारत का नवीनतम राज्य तेलंगाना वर्ष 2019 में सतत विकास लक्ष्य (SDG) भारत सूचकांक में 82 अंक हासिल करके 'समुचित कार्य एवं आर्थिक विकास' श्रेणी में पहला राज्य बना है।

✓ **स्वच्छ सर्वेक्षण लीग 2020** के परिणाम:

- **नोट**: लगभग 4,372 शहरों ने लीग में भाग लिया। यह एक स्वच्छता सर्वेक्षण है जो प्रतिस्पर्धी संघवाद में सहायता करता है।

- 10 लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में, **इंदौर** ने दोनों तिमाहियों में पहला स्थान हासिल किया। पहली तिमाही में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल को दूसरा और गुजरात के सूरत शहर को तीसरा स्थान मिला।
- गुजरात में राजकोट दूसरे स्थान पर जबकि नवी मुंबई तीसरे स्थान पर थे। एक लाख से दस लाख की आबादी वाली श्रेणी में, झारखंड के जमशेदपुर को दोनों तिमाहियों में पहला स्थान मिला।
- नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और मध्य प्रदेश के खरगोन को इस श्रेणी में पहली तिमाही में क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान मिला।
- महाराष्ट्र के चंद्रपुर और खरगोन को एक से दस लाख की आबादी वाली श्रेणी में दूसरी तिमाही में क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान मिला।

✓ केंद्र सरकार ने कब तक सभी के लिए आवास का लक्ष्य हासिल करना निर्धारित किया है -- **वर्ष 2022।**

- **नोट:** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) के तहत वर्ष 2022 तक (जो कि भारत की स्वतंत्रता का 75वां वर्ष है) सभी के लिए आवास का लक्ष्य हासिल करना निर्धारित किया है।
- इस योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत पात्र लोगों को 1 करोड़ 95 लाख घर मिलेंगे। सरकार ने चालू वित्त वर्ष-2020 के लिए 60 लाख घरों का लक्ष्य रखा है।

✓ **दक्षिण एशिया सम्मेलन** का 12वां संस्करण **नई दिल्ली में** आयोजित हुआ।

- **नोट:** रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 28-29 जनवरी, 2020 तक नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस (IDSA) में दक्षिण एशिया सम्मेलन के 12वें संस्करण को संबोधित किया।
- सम्मेलन विकास के लिए आर्थिक सहयोग, भारत के पड़ोसी देशों में बदलता राजनीतिक संदर्भ आदि मुद्दों से संबंधित है।
- सम्मेलन का विषय भारत की "पड़ोसी पहले" नीति: क्षेत्रीय अनुभूति थी।

✓ भारतीय रेलवे ने **2022** से ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर 'कंटेंट ऑन डिमांड' सेवा प्रदान करने का निर्णय लिया है।

- **नोट:** भारतीय रेलवे ने वर्ष 2022 से ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर 'कंटेंट ऑन डिमांड' सेवा (CoD)' प्रदान करने का निर्णय लिया है।
- CoD के साथ, यात्रियों को यात्रा के दौरान फिल्मों, कार्यक्रमों, शैक्षिक कार्यक्रमों जैसी सदस्यता आधारित मनोरंजन सेवाओं का नि: शुल्क आनंद लेने में मदद मिलेगी।
- वे व्यक्तिगत डिवाइसों पर हाई-क्वालिटी बफर-फ्री स्ट्रीमिंग का आनंद भी ले पाएंगे।

✓ किसकी अध्यक्षता में इंडियन एकेडमी ऑफ हाईवे इंजीनियर्स (IAHE) की समिति की अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई -- **युधवीर सिंह मलिक।**

- **नोट:** युधवीर सिंह मलिक की अध्यक्षता में इंडियन एकेडमी ऑफ हाइवे इंजीनियर्स (IAHE) की समिति की अंतिम रिपोर्ट केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी को सौंपी गई है।
- रिपोर्ट वर्तमान प्रशिक्षण अवसंरचना, सामग्री, प्रशिक्षण कार्य प्रणाली में सुधार लाने और विश्व प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ संपर्क रखने और अनुप्रयुक्त अनुसंधान और संबंधित कार्यों का दायित्व लेने पर जोर देती है।

✓ **असम राइफल्स (सैन्य इकाई)** ने कहां पर एक **युद्ध स्मारक "वीर स्मृति"** का निर्माण किया -- **नागालैंड।**

- **नोट:** असम राइफल्स (सैन्य इकाई) ने सेना और असम राइफल्स के उन 357 जवानों के लिए नगालैंड, कोहिमा में एक युद्ध स्मारक "वीर स्मृति" का निर्माण किया है, जो पूर्वोत्तर राज्य में विद्रोह के दौरान मारे गए थे। यह नागालैंड में अपनी तरह का पहला केंद्र है।

✓ पहला नवाचार महोत्सव **अरुणाचल प्रदेश** में आयोजित किया गया।

- **नोट:** अरुणाचल प्रदेश राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (APSCS&T) ने नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के साथ साझेदारी में विज्ञान केंद्र IG पार्क, ईटानगर अरुणाचल प्रदेश में पहले नवाचार महोत्सव का आयोजन किया।
- दो दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों और विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक नवाचार को प्रोत्साहित करना है।

✓ भारत के पहले **सुपर फैब लैब केंद्र** का उद्घाटन **केरल** में किया गया**।**

- **नोट:** केरल के मुख्यमंत्री (CM) श्री पिनाराई विजयन ने केरल स्टार्टअप मिशन (KSUM) के एकीकृत स्टार्टअप परिसर में भारत के पहले सुपर फैब लैब केंद्र का उद्घाटन किया।
- प्रयोगशाला जो मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT), अमेरिका के सहयोग से कार्य करेगी, हार्डवेयर उद्योग को बढ़ाएगी। यह अमेरिका के बाहर एकमात्र ऐसा केंद्र है।

✓ **गंगा-वोल्गा सभ्यता संवाद** का पहला संस्करण कहां आयोजित किया गया था -- **नई दिल्ली।**

- **नोट:** भारत और रूस के बीच "कनेक्टिविटी" विषय पर आधारित गंगा-वोल्गा सभ्यता संवाद का पहला संस्करण नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन द्वारा किया गया और इसे विदेश मंत्रालय (MEA) द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया था।

✓ वर्ष 2022 के लिए नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में कौन सा देश 'गेस्ट ऑफ ऑनर' होगा -- **फ्रांस।**

- **नोट:** नई दिल्ली के इस वर्ष लिवर पेरिस (पेरिस बुक फेयर) में पारस्परिक आमंत्रण के भाग के रूप में गेस्ट ऑफ ऑनर होने के चलते फ्रांस जनवरी 2022 में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में गेस्ट ऑफ ऑनर होगा।
- श्रेष्ठ और नए भारतीय लेखकों को पेरिस में पाठकों से मिलने के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जबकि प्रकाशन उद्योग के पेशेवर नेटवर्किंग कार्यक्रमों के दौरान इस क्षेत्र में फ्रांस और भारत के बीच सहयोग बढ़ाएगा।

✓ जैवप्रौद्योगिकी विभाग ने कहां पर STEM– "विज़ुअलाइज़िंग द फ्यूचर: न्यू स्काइलाइन्स" में महिलाओं पर 2-दिवसीय लंबे अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन **नई दिल्ली** में आयोजन किया**।**

- **नोट:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में जैवप्रौद्योगिकी विभाग ने नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में ''विज़ुअलाइज़िंग द फ्यूचर: न्यू स्काइलाइन्स'' में महिलाओं पर दो दिवसीय लंबे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया है।
- शिखर सम्मेलन का उद्देश्य वैज्ञानिक कैरियर के विकास के लिए STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना है।

✓ भारत का पहला ई-वेस्ट क्लिनिक **भोपाल** में खोला गया था**।**

- **नोट:** भारत का पहला ई-वेस्ट क्लिनिक भोपाल, मध्य प्रदेश में खोला गया था। ई-वेस्ट क्लिनिक का उद्घाटन सी.के. मिश्रा (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) सचिव) द्वारा किया गया था।
- ई-वेस्ट क्लिनिक की स्थापना संयुक्त रूप से केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) और भोपाल नगर निगम (BMC.) द्वारा की गई थी। ई-वेस्ट क्लिनिक 3 महीने की परियोजना है और यदि यह परियोजना सफल हो जाती है तो इसे देश के अन्य भागों में भी स्थापित किया जाएगा।

✓ वर्ष 2020 को सैनिकों के कल्याण के लिए **"ईयर ऑफ मोबिलिटी"** के रूप में मनाने का निर्णय **केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने** लिया**।** CISF निजी क्षेत्र में भी सिविल एयरपोर्ट, न्यूक्लियर पावर स्टेशन, खदानों, थर्मल पावर स्टेशन की सुरक्षा करते हैं।

- **नोट:** यह सैनिकों के लिए आवासीय इकाइयों के निर्माण और कल्याणकारी उपायों के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- वर्ष 2020 में, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) अपने परिवारों के लिए बुनियादी ढांचा बनाने का लक्ष्य रखेगा। इसका उद्देश्य आधुनिक गैजेट का लाभ उठाते हुए खेल और शारीरिक स्वस्थता पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

✓ **भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र** पर भारत का प्रमुख **वैश्विक सम्मेलन रायसीना वार्ता नई दिल्ली में** आयोजित हुई।

- **नोट:** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन सत्र में भाग लिया, जिसमें राष्ट्र या सरकार के सात पूर्व प्रमुख दुनिया के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों पर अपने विचार साझा करेंगे।
- रायसीना वार्ता (पांचवा संस्करण) विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

## महत्वपूर्ण खबरें-विश्व

- ✓ नेपाल की राष्ट्रपति ने **काठमांडू में** स्थित ऐतिहासिक दशरथ रंगशला में बहुप्रतीक्षित **विज़िट नेपाल ईयर 2020** अभियान शुरू किया ।
    - **नोट:** महत्वाकांक्षी अभियान का उद्देश्य नेपाल में पर्यटन को बढ़ावा देना और वर्ष 2020 के दौरान 2 मिलियन पर्यटकों को आकर्षित करना है।
    - विज़िट नेपाल ईयर 2020 वैश्विक समुदाय के दिल और दिमाग में नेपाल की एक नई छवि बनाएगा।
    - पौराणिक प्राणी येती को अभियान के शुभंकर के रूप में चुना गया है।
- ✓ **संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ)** द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित की गई|
    - **नोट:** यूनिसेफ ने पिछले दशक को "डेडली डिकेड" नाम दिया है क्योंकि रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2010 के बाद से बच्चों पर हमलों की संख्या तीन गुनी हो गई है।
    - दुनिया भर के बच्चों को मानवीय और विकास संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए उत्तरदायी विश्व एजेंसी ने कहा कि वर्ष 2018 में, बच्चों के खिलाफ लगभग 24,000 गंभीर हिंसा दर्ज की गईं और वर्ष 2019 में यह संख्या 1,70,000 से अधिक हो गई है।
    - इसमें अपहरण, हत्या, यौन हिंसा, अपंग बनाना, बाल मजदूरी, मानवीय सहायता से इनकार और स्कूलों और अस्पतालों में हिंसा शामिल हैं।
- ✓ **ग्लोबल बिहार एक्सीलेंस अवार्ड 2019** से **पीयूष जायसवाल को** सम्मानित किया गया।
    - **नोट:** यह पुरस्कार सामाजिक कल्याण, महिला सशक्तीकरण और कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में नई प्रतिभाएं सामने लाने में पीयूष जायसवाल के योगदान को पहचानने और सम्मानित करने के लिए दिया गया था।
    - यह पुरस्कार राज्यसभा सांसद और पद्म श्री पुरस्कार विजेता डॉ. सी.पी. ठाकुर और बिहार महिला आयोग की अध्यक्ष दिलमणि देवी द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए पटना में प्रदान किया गया।
- ✓ **भारतीय सेना AK-203 असॉल्ट राइफलों** की खरीद के लिए **रूस** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी।
    - **नोट: भारतीय सेना** रूस से 7.5 लाख **AK-203 असॉल्ट राइफलों** की खरीद के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी।
    - समझौता ज्ञापन के अनुसार, लगभग 1 लाख राइफल सीधे रूस से प्राप्त की जाएंगी और शेष भारत में बनाई जाएंगी।
    - राइफलों का निर्माण उत्तर प्रदेश के कोरवा में एक संयुक्त उद्यम के तहत किया जाएगा, जिसका नाम **इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (IRRPL)** है।
    - संयुक्त उद्यम में भारत का हिस्सा 50.5% और रूस का हिस्सा 49.5% है।
- ✓ नौसेना अभ्यास **"नसीम-अल-बहर" गोवा में** आयोजित किया जाएगा।
    - **नोट:** भारत-ओमान द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास **"नसीम-अल-बहर"** का 12वां संस्करण गोवा में आयोजित किया जाएगा।
    - इसमें भाग लेने के लिए **ओमान रॉयल नेवी (RNO)** के दो जहाज, RNOV अल रसीख और RNOV खसाब 6 जनवरी, 2020 को मोरमुगाओ बंदरगाह पहुंचे।
    - इन जहाजों के साथ, भारतीय नौसेना जहाज सुभद्रा और ब्यास भी अभ्यास में भाग लेंगे। भारतीय नौसेना और RNO के बीच 'नसीम-अल-बहर' (या समुद्री पवन) समुद्री अभ्यास वर्ष 1993 से आयोजित किया जा रहा है।

✓ **ईरानी संसद** ने एक ट्रिपल-अर्जेंसी बिल को मंजूरी दी है जो अमेरिकी सेना और पेंटागन को घोषित करता है -- **आतंकवादी संगठन।**

- **नोट**: ईरान के IRGC के कुद्स फोर्स कमांडर जनरल सोलेमानी और इराक के पॉपुलर फोर्सेस कमांडर अबू महदी अल-मोदांदीस के साथ-साथ आठ अन्य सैन्य जवानों को अमेरिकी सेना ने मार गिराया था।
- 233 सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनके कार्यों के परिणाम भुगतने के लिए चेतावनी देते हुए स्पीकर अली लारीजानी का समर्थन किया।

✓ मंत्रिमंडल ने चार PSU की हिस्सेदारी के रणनीतिक विनिवेश को 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी - **नीलाचल ।**

- **नोट**: आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने **नीलाचल इस्पत निगम लिमिटेड (NINL)** में 4 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSE) और 2 ओडिशा राज्य सार्वजनिक उपक्रमों की हिस्सेदारी के रणनीतिक विनिवेश को 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी।
- चार CPSE में खनिज एवं धातु व्यापार निगम (MMTC), MECON, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स (BHEL) और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (NMDC) शामिल हैं।

✓ हज के बाद दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मुस्लिम समागम का पहला चरण कहां के बाहरी इलाके में शुरु हुआ -- **ढाका।**

- **नोट**: बांग्लादेश और विदेशों से हजारों लोग **बिस्व इज्तेमा** नामक समागम में भाग लेने के लिए ढाका के पास टोंगी में तुराग नदी के तट पर पहुंच रहे हैं।

✓ **वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) की 50वीं वार्षिक बैठक** दावोस, स्विट्जरलैंड में आयोजित हुई।

- **नोट**: वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 50वीं वार्षिक बैठक स्विट्जरलैंड के दावोस में शुरू हुई।
- भारतीय की ओर से, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल WEF के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- इस वर्ष का कार्यक्रम सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिए फोरम के मंच का अधिकतम प्रभाव को प्राप्त करने पर केंद्रित होगा। इस वर्ष वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 50वीं वार्षिक बैठक का विषय "Stakeholders for a Cohesive and Sustainable World" होगा।

✓ **माइक्रोसॉफ्ट कंपनी** ने घोषणा की है कि वह **वर्ष 2030 तक "कार्बन प्रतिकूल"** बन जाएगी।

- **नोट**: अमेरिकी टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने घोषणा की है कि वह वर्ष 2030 तक "कार्बन प्रतिकूल" बन जाएगी।
- यह घोषणा जलवायु परिवर्तन से निपटने के कंपनी के बढ़े हुए प्रयासों के रूप में की गई है।
- कंपनी ने घोषणा की कि वह वर्ष 1975 में स्थापना के बाद से कंपनी द्वारा किए गए सभी कार्बन उत्सर्जन को खत्म करने की प्रतिज्ञा करती है।

✓ 57.9% मत हासिल करने के बाद माल्टा का 14वां प्रधान मंत्री रॉबर्ट अबेला ने चुना।

- **नोट**: लेबर पार्टी के उम्मीदवार रॉबर्ट अबेला को 57.9% मत जीतने के बाद माल्टा का 14वां प्रधान मंत्री चुना गया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी क्रिस फर्न को हराया।
- वह जोसेफ मस्कट की जगह लेंगे, जिन्होंने एक पत्रकार डाफने कैरुआना गैलिज़िया की हत्या पर इस्तीफा दे दिया था।

✓ वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी समिट (WFES) 2020 का 10वां संस्करण अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित हुआ।

- **नोट**: हाल ही में मसदर की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी द्वारा आयोजित वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी समिट (WFES) 2020 के 10वें संस्करण का आयोजन 13 से 16 जनवरी, 2020 तक संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के अबू धाबी में अबू धाबी राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में किया गया था।
- वर्ष 2020 का विषय “Rethinking Global Consumption, Production, and Investment” था।

- ✓ विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने वर्ष 2020 के लिए वैश्विक चुनौतियां जारी की और इस दशक में **13** स्वास्थ्य चुनौतियों की पहचान की।
    - **नोट**: विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 2020 के लिए वैश्विक चुनौतियां जारी की। इस दशक में 13 स्वास्थ्य चुनौतियों की भी पहचान की गई।
- ✓ टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स 2019 के 9वें संस्करण के अनुसार, कौन सा शहर विश्व के सबसे खराब यातायात संकुलित शहरों के रूप में उभरा है -- **बेंगलुरु।**
    - **नोट**: डच मल्टीनेशनल डेवलपर और अवस्थिति प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता टॉमटॉम ने टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स 2019 का 9वां संस्करण जारी किया।
    - सूचकांक के अनुसार, बेंगलुरु (कर्नाटक) दुनिया के सबसे खराब यातायात संकुलित शहरों के रूप में उभरा है।
    - बेंगलुरु के साथ, शीर्ष 10 सूची में तीन अन्य भारतीय शहरों को स्थान दिया गया। शीर्ष 10 स्थानों में जगह बनाने वाले अन्य भारतीय शहर क्रमश: चौथे, पांचवें और आठवें स्थान पर मुंबई (महाराष्ट्र), पुणे (महाराष्ट्र) और नई दिल्ली थे।
- ✓ किस संगठन ने नए कोरोना वायरस (nCoV) को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया -- **WHO।**
    - **नोट**: विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने नए कोरोना वायरस 2019 के प्रकोप के संबंध में इंटरनेशनल हेल्थ रेगुलेशन (IHR) (2005) के तहत स्विट्जरलैंड के जेनेवा में आयोजित आपातकालीन समिति की दूसरी बैठक के दौरान नए कोरोना वायरस (nCoV) को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है।
    - इसका प्रकोप जो चीन में सर्वाधिक था वह दूसरे देशों में भी फैलता जा रहा है।
- ✓ किस देश ने ई-पासपोर्ट सुविधा की शुरुआत की -- **बांग्लादेश।**
    - **नोट**: बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना वाजेद ने देश के लिए मुजीब सेंचुरी ईयर गिफ्ट के रूप में बांग्लादेश के ढाका में ई-पासपोर्ट लॉन्च किया।
    - बांग्लादेश दक्षिण एशिया का पहला और दुनिया का 119वां देश है जहां ई-पासपोर्ट की सुविधा है।
    - मलेशिया वर्ष 1998 में यह सुविधा शुरू करने वाला दुनिया का पहला देश है।
- ✓ यूरोपीय संघ से किस देश के बाहर निकलने को यूरोपीय संघ की संसद ने मंजूरी दी -- **ब्रिटेन।**
    - **नोट**: यूरोपीय संघ की संसद ने यूनाइटेड किंगडम ब्रेक्सिट समझौते को मंजूरी दी।
    - यूरोपीय संसद ने ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर निकलने की अंतिम बाधा को मंजूरी देते हुए लंदन के साथ ब्रेक्सिट समझौते को मंजूरी देने के लिए भारी मतदान किया।
    - ब्रेक्सिट समझौता जो ब्रिटिश प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन ने अन्य 27 यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ किया था, के पक्ष में 621 और विपक्ष में 49 मत थे।
    - ब्रिटेन का नीति पर अब कोई प्रभाव नहीं होगा क्योंकि वह अब यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं होगा। ब्रिटेन यूरोपीय संघ छोड़ने वाला पहला देश है।
- ✓ **ब्रिटेन** ने भारत में 4 मिलियन पाउंड (लगभग 37 करोड़ रुपये) का इनोवेशन चैलेंज फंड लॉन्च किया।
    - **नोट**: ब्रिटेन (यूनाइटेड किंगडम) की सरकार ने पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत में 4 मिलियन पाउंड (लगभग 37 करोड़ रुपये) का इनोवेशन चैलेंज फंड लॉन्च किया है।
    - यह फंड दो प्रमुख तकनीकी प्लेटफार्मों पर केंद्रित है जिसमें कर्नाटक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और बिग डेटा तथा महाराष्ट्र में फ्यूचर मोबिलिटी शामिल है।
    - फंड, जो यूके-इंडिया टेक पार्टनरशिप की कई नई पहलों में से एक है, का उद्देश्य भारत में सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए सहयोग और तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए उद्योग और शिक्षा को बढ़ावा देना है।
- ✓ **ब्रिटेन** ने यूरोपीय संघ से देश के बाहर होने की स्मृति में 50 पेंस के नए सिक्के का अनावरण किया।

- **नोट**: ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ से देश के बाहर निकलने पर 50 पेंस के नए सिक्के का अनावरण किया है।
- सिक्के में 'Peace, prosperity and friendship with all nations' लिखा हुआ है और 31 जनवरी 2020 की ब्रेक्सिट तारीख दर्शाई गई है।

✓ प्रवाल और समुद्री जीवन के लिए हानिकारक सनस्क्रीन पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला देश -- **प्रशांत राष्ट्र पलाऊ।**

- **नोट**: 1 जनवरी से, ऑक्सीबेनज़ोन और ऑक्टिनऑक्जेट वाले सनस्क्रीन को अब पलाऊ में लगाने या बेचने की अनुमति नहीं है।
- यौगिक आमतौर पर सनस्क्रीन फार्मूले में उपयोग किए जाते हैं क्योंकि वे पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करते हैं।
- प्राचीन द्वीप, जिसकी कुल जनसंख्या लगभग 20000 है, गोताखोरी का एक प्रसिद्ध स्थान है, और वहां की झील को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है।

## महत्वपूर्ण खबरें: आर्थिक गतिविधि

- ✓ भारत जर्मनी से आगे निकल कर **2026** तक चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।
  - **नोट:** ब्रिटेन स्थित **सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च** (CEBR) द्वारा **'वर्ल्ड इकोनॉमिक लीग टेबल 2020'** शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी की गई।
  - रिपोर्ट के अनुसार, भारत के वर्ष 2026 तक चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2034 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।
  - CEBR रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत वर्ष 2026 तक जर्मनी को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और इसके आगे वर्ष 2034 में जापान से आगे निकलकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।
- ✓ **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय** द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान भारत की GDP विकास दर **5%** रहने की उम्मीद है।
  - **नोट:** वर्ष 2019-20 में वास्तविक सकल मूल्य वर्धित (GVA) दर में अनुमानित वृद्धि 4.9% है जबकि वर्ष 2018-19 में यह 6.6% थी।
  - विनिर्माण क्षेत्र वर्ष 2019-20 में 2% की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि पिछले वर्ष में यह 6.9% थी।
  - वर्ष 2019-20 के दौरान प्रति व्यक्ति आय में अनुमानित वृद्धि दर 4.3% है, जबकि पिछले वर्ष में यह 5.6% थी।
  - कृषि क्षेत्र में पिछले वर्ष के 2.9% की तुलना में 2.8% की वृद्धि होने की उम्मीद है।
- ✓ **ड्यूश बैंक** की रिपोर्ट इमेजिन 2030 के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था के कब तक 7 ट्रिलियन डॉलर की होने की संभावना **वर्ष 2030 तक** है।
  - **नोट:** भारतीय अर्थव्यवस्था अभी के लगभग 3 ट्रिलियन डॉलर के ढाई गुना से बढ़ने की संभावना है और इस प्रकार यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।
  - रिपोर्ट के अनुसार, भारत अगले दशक में केवल 10% से कुछ अधिक **GDP** विकास दर के साथ बढ़ेगा।
- ✓ **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** ने अपने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक 2020 में वर्ष 2019 के लिए भारत का आर्थिक विकास पूर्वानुमान कम करके **4.8%** कर दिया।
  - **नोट:** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने अपने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक 2020 में वर्ष 2019 के लिए भारत का आर्थिक विकास पूर्वानुमान घटाकर 4.8% कर दिया है, जो अक्टूबर 2019 में 6.1% था।
  - नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (NBFC) के दबाव और ग्रामीण भारत में धीमी आय वृद्धि का हवाला देते हुए विकास पूर्वानुमानों को कम किया गया है।
- ✓ **संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD)** द्वारा जारी **"ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ट्रेंड मॉनिटर रिपोर्ट 2020"** के अनुसार वर्ष 2019 में FDI लुभाने में भारत का स्थान **आठवां है**
  - **नोट:** संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD) द्वारा जारी "ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ट्रेंड मॉनिटर रिपोर्ट 2020" के अनुसार, वर्ष 2019 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) आकर्षित करने वाले शीर्ष 10 देशों में भारत आठवें स्थान पर है।
  - इस अवधि के दौरान भारत में FDI 16% बढ़कर 49 बिलियन डॉलर हो गई। इसके फलस्वरूप दक्षिण एशिया में FDI में तेज वृद्धि हुई है, जिससे FDI 10% बढ़कर 60 बिलियन डॉलर हो गई।

- ✓ भारतीय रिजर्व बैंक को विदेशों से सोना खरीदने के मामले में दुनिया के केंद्रीय बैंकों के बीच **छठवां** स्थान पर रखा गया है।
    - **नोट:** वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (WGC) की रिपोर्ट "आउटलुक 2020: ग्लोबल इकोनॉमिक ट्रेंड्स एंड देयर इम्पैक्ट ऑन गोल्ड" के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) सरकार के सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड का बचाव करने के लिए वर्ष 2019 के पहले 10 महीनों में 25.2 टन सोना खरीदकर छठा सबसे बड़ा खरीदार बन गया।
    - चीन, रूस, कजाकिस्तान, तुर्की, पोलैंड के केंद्रीय बैंकों ने वर्ष 2019 में भारत से अधिक सोना खरीदा।
- ✓ संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2019-20 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) पूर्वानुमान **5%** कर दिया**।**
    - **नोट:** संयुक्त राष्ट्र (UN) ने वर्ष 2019-20 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 5% बताई है।
    - इससे पहले वर्ष 2019 में, उन्होंने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए GDP विकास दर 7.6% रहने का अनुमान लगाया था।
- ✓ **नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI)** ने भुगतानों को तेज और सुरक्षित बनाने के लिए कौन सा प्लेटफॉर्म शुरू किया है -- **वज्र प्लेटफॉर्म"।**
    - **नोट:** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने भुगतानों को तेज और सुरक्षित बनाने के लिए ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित "वज्र प्लेटफार्म" शुरू किया।
    - नया प्लेटफॉर्म 'वज्र' डिस्ट्रिब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी (DLT) पर आधारित है।
    - यह NPCI उत्पादों जैसे एकीकृत भुगतान माध्यम (UPI) और रूपे कार्ड पर स्वचालित भुगतान समाशोधन और निपटान प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है और यह हस्तचालित समाधान की आवश्यकता को काफी कम कर देगा।
- ✓ **भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI)** ने अपने **"इकोनॉमिक आउटलुक सर्वे 2020"** में, वर्ष 2019-20 के लिए भारत की वार्षिक औसत GDP वृद्धि **5%** रहने का अनुमान लगाया है**।**
    - **नोट:** यह राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (NSO) की अनुमानित विकास दर (5%, 11 वर्ष में सबसे कम) की तर्ज पर है।
    - फिक्की ने उम्मीद जताई है कि आगे स्थिति में सुधार होगा और देश की विकास दर वर्ष 2020-21 (वित्त वर्ष 21) में 5.5% तक पहुंच सकती है।
- ✓ **राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)** ने अपने **स्टेट फोकस पेपर में ओडिशा** राज्य के लिए 90,395.69 करोड़ रुपये की ऋण संभावना व्यक्त की है।
    - **नोट:** प्राथमिक क्षेत्र के लिए कुल ऋण संभावना में से, कृषि के लिए 43,282.11 करोड़ रुपये है, जिसमें कृषि ऋण के तहत 40,227.79 करोड़ रुपये (92.94%) का अनुमान है, इसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए फसल ऋण और सावधि ऋण दोनों शामिल हैं।
- ✓ भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार और विश्व बैंक (WB) ने **210 मिलियन डॉलर** मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
    - **नोट:** भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार और विश्व बैंक ने महाराष्ट्र के एग्रीबिजनेस एंड रूरल ट्रांसफॉर्मेशन प्रॉजेक्ट के लिए 210 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
    - यह परियोजना महाराष्ट्र में किसानों को प्रतिस्पर्धी कृषि मूल्य श्रृंखलाओं में भाग लेने में मदद करेगी, कृषि व्यवसाय को बढ़ाएगी जिससे वस्तुओं की उत्पादकता बढ़ेगी।
    - महाराष्ट्र के सभी 36 जिलों में परियोजना लागू की जाएगी और इससे लगभग 1 मिलियन किसान परिवारों को लाभ होगा।
- ✓ विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, भारत के केंद्रीय बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) द्वारा अल्पकालिक निवेश बढ़ाकर **30%** कर दिया है**।**

- **नोट**: विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, भारत के केंद्रीय बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों (ट्रेजरी बिल (टी-बिल) / राज्य विकास ऋण सहित) में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) द्वारा अल्पकालिक निवेश कुल FPI निवेश के 20% से बढ़ाकर 30% कर दिया है। यह नियम कॉरपोरेट बॉन्ड में भी लागू होता है।
- ये निर्देश विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 की धारा 10 (4) और 11 (1) के तहत जारी किए गए हैं।अब तक, RBI ने अल्पकालिक निवेश सीमा और वितरण सीमा से सुरक्षा प्राप्तियों में FPI निवेश के लिए छूट दी थी।

✓ भारतीय निर्यात-आयात बैंक (EXIM बैंक) ने अपने ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम को वित्तपोषित करने के लिए 35.80 मिलियन डॉलर (लगभग 250 करोड़ रुपये) की ऋण सीमा (LoC) **सूरीनाम ने** बढ़ाई है**।**

- **नोट**: भारतीय निर्यात-आयात बैंक ने सूरीनाम के 50 सुदूरवर्ती के गांवों में सौर डीजल जनरेटर (DG) हाइब्रिड फोटो-वोल्टिक (PV) सिस्टम के माध्यम से ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम को निधि प्रदान करने के लिए सूरीनाम को 35.80 मिलियन डॉलर की ऋण सीमा में विस्तार किया है।
- ऋण सीमा के तहत शामिल परियोजनाओं में बिजली, जल आपूर्ति, हेलीकॉप्टरों की खरीद और दूध प्रसंस्करण संयंत्र का पुनरुद्धार और उन्नयन शामिल है।

✓ भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी **फ्लिपकार्ट** ने DAY-NULM का समर्थन करने के लिए MoHUA के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए**।**

- **नोट**: फ्लिपकार्ट ने दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) का समर्थन करने के लिए आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- समझौता ज्ञापन के तहत फ्लिपकार्ट दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेचेगा।
- ई-कॉमर्स कंपनी भारत के 22 राज्यों में 'फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम' स्थापित करने के लिए राज्य मिशनों के साथ सहयोग करेगी।

## सम्मान एवं पुरस्कार

- ✓ **लोकमान्य तिलक पत्रकारिता पुरस्कार** से **संजय गुप्ता को** सम्मानित किया गया।
    - **नोट:** 'जागरण' के मुख्य संपादक **संजय गुप्ता** को पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए **'लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पत्रकारिता पुरस्कार'** से सम्मानित किया जाएगा।
    - केसरी-मराठा ट्रस्ट द्वारा स्थापित यह पुरस्कार श्री गुप्ता को लोकमान्य तिलक द्वारा शुरू किए गए **समाचार पत्र 'केसरी'** के 139वें स्थापना दिवस के अवसर पर पुणे में प्रदान किया गया।
    - यह पुरस्कार किसी व्यक्ति के उस कार्य को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है, जो उसने पत्रकारिता क्षेत्र के हित में किया हो।
- ✓ **वर्ष का सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज** किसे घोषित किया गया है और **वर्ष 2019-19** के लिए सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड से **आयुर्विज्ञान संस्थान (IMS) और SUM अस्पताल को** सम्मानित किया गया।
    - **नोट:** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में पुरस्कार प्रदान किया।
    - SOA विश्वविद्यालय ने भी इस अवसर पर एक अलग पुरस्कार जीता क्योंकि इसके संस्थापक अध्यक्ष मनोजरंजन नायक को डायनेमिक इंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर चुना गया।
- ✓ **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** के क्षेत्र में बुनियादी अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए 14 वैज्ञानिकों को स्वर्ण जयंती फैलोशिप से सम्मानित करने वाला मंत्रालय -- **केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय।**
    - **नोट:** फैलोशिप में अनुसंधान करने के लिए सभी जरूरतों को शामिल किया गया है और इसमें प्रति माह 25 हजार रुपये की फैलोशिप भी शामिल है।
    - उनके वेतन के अलावा पांच वर्ष के लिए पांच लाख रुपये का अनुसंधान अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है।
    - भारत की आजादी के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू की गई, स्वर्ण जयंती फैलोशिप युवा और प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को वित्तीय आजादी और लचीलेपन के साथ शोध को आगे बढ़ाने के लिए प्रदान की जाती है।
- ✓ बिहार के दो युवा नेता **कन्हैया कुमार और प्रशांत किशोर को** वर्ष **2020 में फोर्ब्स इंडिया** की 20 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किया गया।
    - **नोट:** कन्हैया कुमार सूची में 12वें स्थान पर हैं जबकि प्रशांत किशोर 16वें स्थान पर हैं। प्रशांत किशोर जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, जबकि कन्हैया कुमार जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष हैं।
    - अमेरिका में जन्मे भारतीय मूल के राजनीतिक समीक्षक हसन मिन्हाज पहले स्थान पर हैं जबकि केन्या के मैराथन धावक एलियूड किपचोगे 20वें स्थान पर हैं।
- ✓ भारत में जन्मीं लेखिका **जसबिंदर बिलान ने** यूनाइटेड किंगडम का **कोस्टा चिल्ड्रन अवार्ड 2019** प्रदान किया गया।
    - **नोट:** उन्होंने अपने प्रथम उपन्यास 'आशा एंड द स्पिरिट बर्ड' के लिए पुरस्कार मिला।
    - 'आशा एंड द स्पिरिट बर्ड', जो नौ वर्ष और उससे अधिक उम्र के पाठकों पर केंद्रित है, संक्षिप्त सूची में शामिल तीन अन्य पुस्तकों को प्रतियोगिता को हराकर इस सप्ताह 2019 कोस्टा चिल्ड्रन अवार्ड के विजेता के रूप में चुनी गई।
    - जसबिंदर के उपन्यास को 144 अन्य प्रविष्टियों से चुना गया था।

- ✓ **जामनगर में** स्थित **गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय** परिसर में आयुर्वेदिक संस्थानों के समूह को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा देने को मंजूरी दी गई।
    - **नोट**: संस्थान का दर्जा बढ़ाने से इसे **आयुर्वेद शिक्षा के मानक** को उन्नत करने की स्वायत्तता मिलेगी, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मांग के अनुसार आयुर्वेद में विभिन्न पाठ्यक्रमों की रूपरेखा तैयार होगी।
    - यह संस्थान को आयुर्वेद में तृतीयक देखभाल विकसित करने और आयुर्वेद को एक समकालीन प्रेरणा देने के लिए बहुविषयक सहयोग को सुरक्षित करने में मदद करेगा।
- ✓ भारतीय तेज गेंदबाज जिन्हें भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) के **पॉली उमरीगर पुरस्कार** से सम्मानित किया जाएगा --- **जसप्रीत बुमराह।**
    - **नोट**: वर्तमान में दुनिया के नंबर 1 एकदिवसीय गेंदबाज बुमराह ने जनवरी 2018 में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।
    - वह दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज में पांच-पांच विकेट हासिल करते हुए इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पहले और एकमात्र एशियाई गेंदबाज बने।
    - लेग स्पिनर **पूनम यादव** को **सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) पुरस्कार** दिया जाएगा।
- ✓ 29वें सरस्वती सम्मान 2019 से **वासदेव मोही को** सम्मानित किया जाएगा।
    - **नोट**: कृष्ण कुमार बिड़ला फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले साहित्यिक सम्मान 'सरस्वती सम्मान 2019' के लिए सिंधी लेखक वासदेव मोही को चुना गया।
    - उन्हें यह साहित्यिक पुरस्कार उनके लघु कथा संग्रह- 'चेकबुक' के लिए दिया गया। यह लघु कथा समाज में अधिकारहीन वर्ग की पीड़ा के बारे में बताती है।
    - विजेता का चयन लोक सभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी. कश्यप की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा किया गया था।
- ✓ मुंबई में आयोजित क्रॉसवर्ड बुक्स अवार्ड के 17वें संस्करण में बेस्ट फिक्शन अवार्ड **ट्विंकल खन्ना ने** जीता।
    - **नोट**: क्रॉसवर्ड बुक अवार्ड का 17वां संस्करण मुंबई में आयोजित किया गया। ट्विंकल खन्ना ने अपने उपन्यास 'पैजामा आर फॉरगिविंग' के लिए लोकप्रिय बेस्ट फिक्शन अवॉर्ड जीता।
    - कृष्णा त्रिलोक ने 'नोट्स ऑफ ए ड्रीम: द ऑथराइज्ड बायोग्राफी ऑफ ए.आर. रहमान' के लिए लोकप्रिय पुरस्कार जीता।
- ✓ मध्य प्रदेश सरकार के वर्ष 2018 के राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार से **कुलदीप सिंह को** सम्मानित किया गया।
    - **नोट**: प्रख्यात भारतीय गायक सुमन कल्याणपुर को मध्य प्रदेश राज्य सरकार के वर्ष 2017 के राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
    - जबकि भारतीय संगीतकार कुलदीप सिंह को वर्ष 2018 के लता मंगेशकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
    - उन्हें संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया और उन्हें फरवरी 2020 में मध्य प्रदेश के इंदौर में एक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।
- ✓ ई-गवर्नेंस उत्कृष्टता पुरस्कार 2019 **''cVIGIL' और 'वोटर हेल्पलाइन ऐप' ने** जीता।
    - **नोट**: वर्ष 2019 के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार CSI 2020 के दौरान CSI के 53वें वार्षिक सम्मेलन में कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया (CSI) और ई-गवर्नेंस पर स्पेशल इंट्रेस्ट ग्रुप द्वारा भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी में दिया गया।
    - निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा विकसित दो नवीन सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) एप्लीकेशनों 'cVIGIL' और 'वोटर हेल्पलाइन ऐप' ने उत्कृष्टता पुरस्कार 2019 जीता।
- ✓ **ऑस्ट्रेलिया** ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया **किरण मजूमदार-शॉ को** प्रदान किया।

- **नोट:** ऑस्ट्रेलिया ने अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया किरण मजूमदार-शॉ को प्रदान किया।
- वह बायोफार्मास्युटिकल कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और अध्यक्ष हैं और उन्हें भारत में आस्ट्रेलिया की उच्चायुक्त सुश्री हरिंदर सिद्धू द्वारा लीला पैलेस, बेंगलुरु, कर्नाटक में एक समारोह में ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया के जनरल डिवीजन के मानद सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।
- वह ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने वाली चौथी भारतीय नागरिक हैं।
- यह पुरस्कार उन विदेशी नागरिकों को दिया जाता है जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया या मानवता के लिए असाधारण योगदान दिया है।

✓ ग्लोबल सिटीजन प्राइज: सिस्को यूथ लीडरशिप अवॉर्ड 2019 **प्रिया प्रकाश ने** जीता।

- **नोट:** भारत स्थित **"HealthSetGo"** की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रिया प्रकाश ने वर्ष 2019 के लिए ग्लोबल सिटीजन प्राइज: सिस्को यूथ लीडरशिप अवार्ड जीता।
- यह पुरस्कार उनके स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए दिया गया जो बच्चों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है।
- यह पुरस्कार सिस्को के कार्यकारी उपाध्यक्ष और चीफ पीपुल ऑफीसर फ्रैन काटसोउदास ने रॉयल अल्बर्ट हॉल, लंदन, यूनाइटेड किंगडम में प्रदान किया।

✓ फ्रांस का **प्रतिष्ठित सम्मान Chevalier dans lOrdre des Arts et des Lettres** (नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स) **संजना कपूर को** प्रदान किया गया।

- **नोट:** जानी-मानी रंगमंच कलाकार, संजना कपूर को नाट्यशाला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए फ्रांस का प्रतिष्ठित सम्मान Chevalier dans lOrdre des Arts et des Lettres (नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स) मिला।
- वह दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता शशि कपूर की पुत्री हैं। L'Orere des Arts et des Lettres वर्ष 1957 में फ्रांस के संस्कृति मंत्रालय द्वारा स्थापित एक फ्रांसीसी सम्मान है, जिसे राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना प्रदान किया जाता है।

✓ **नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत** विनायक बनर्जी को **कोलकाता विश्वविद्यालय** द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट) की उपाधि से सम्मानित किया गया।

- **नोट:** नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत विनायक बनर्जी को कोलकाता में कोलकाता विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट ऑफ लेटर्स (डी.लिट) की मानद उपाधि प्रदान की गई।
- विश्वविद्यालय की कुलपति सुश्री सोनाली चक्रवर्ती बनर्जी ने उन्हें उपाधि प्रदान की। बनर्जी, जिन्हें वर्ष 2019 में "वैश्विक गरीबी को कम करने के प्रयोगात्मक दृष्टिकोण" के लिए दो अन्य लोगों के साथ नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, अब्दुल लतीफ जमील पॉवर्टी एक्शन लैब (J-PAL) के निदेशकों में से एक हैं जिसे उन्होंने वर्ष 2003 में स्थापित किया था।

✓ **राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों** की झांकियों के बीच **गणतंत्र दिवस परेड, 2020** में पहला स्थान किस राज्य की झांकी ने जीता -- **असम।**

- **नोट: राज्यों/केंद्र शासित** प्रदेशों की झांकियों के **बीच गणतंत्र दिवस परेड, 2020** में असम की झांकी ने प्रथम पुरस्कार जीता।
- असम की झांकी का विषय **"अद्वितीय शिल्प कौशल और संस्कृति की भूमि"** था, जिसमें बांस और बेंत के काम और सत्रीय नर्तकों द्वारा भर्तल नृत्य प्रदर्शित किया गया।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा गणतंत्र दिवस परेड, 2020 के लिए सर्वश्रेष्ठ झांकी के पुरस्कार दिए गए।

✓ **'हरितरत्न पुरस्कार 2019' डॉ. एन. कुमार को** प्रदान किया गया।

- **नोट:** तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. कुमार को 'हरितरत्न पुरस्कार 2019' से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार अखिल भारतीय कृषि छात्र संघ द्वारा आयोजित किया जाता है। उन्हें तमिलनाडु में कृषि-व्यवसाय में 30 करोड़ रुपये की उद्यमिता परियोजना के विस्तार और छात्रों को कृषि क्षेत्र की ओर प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया।

✓ केरल राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार के लिए **एन. राम को** चुना गया।

- **नोट:** "द हिंदू ग्रुप" के अध्यक्ष एन. राम को केरल मीडिया अकादमी द्वारा स्थापित एक राष्ट्रीय पुरस्कार में उत्कृष्ट मीडिया व्यक्ति के रूप में चुना गया।
- यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर निडर और शानदार पत्रकारिता के लिए शुरू किया गया था।
- 1 लाख रुपये के नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और प्रतिमा वाले पुरस्कार की घोषणा अकादमी के 40वें वर्षगांठ समारोह के तहत की गई।

✓ वर्ष 2019 के लिए 'ग्लोबल सिटीजन प्राइज: सिस्को यूथ लीडरशिप अवॉर्ड' **प्रिया प्रकाश ने** जीता।

- **नोट:** भारत स्थित हेल्थ सेट गो की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रिया प्रकाश ने वर्ष 2019 के लिए 'ग्लोबल सिटीजन प्राइज: सिस्को यूथ लीडरशिप अवार्ड' जीता।
- यह पुरस्कार बच्चों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाले उनके स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए दिया गया।
- प्रतिष्ठित पुरस्कार 18 - 30 वर्ष के उन व्यक्तियों को सम्मानित करता है जो दुनिया की कुछ सबसे बड़ी वैश्विक चुनौतियों को हल करके दुनिया में एक सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।
- पुरस्कार में 250,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

✓ पत्रकारिता में अपने उत्कृष्ट योगदान हेतु लोकतांत्रिक आदर्शवाद के लिए 2019-20 PEN गौरी लंकेश **यूसुफ जमील ने** पुरस्कार जीता।

- **नोट:** जम्मू और कश्मीर (J&K) के वरिष्ठ पत्रकार यूसुफ जमील ने पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान हेतु लोकतांत्रिक आदर्शवाद के लिए 2019-20 PEN गौरी लंकेश पुरस्कार जीता।
- यह वर्ष 2018 में PEN दक्षिण भारत और PEN दिल्ली द्वारा संपादक स्वर्गीय गौरी लंकेश के नाम पर शुरू किए गए पुरस्कार का दूसरा संस्करण था, जिनकी वर्ष 2017 में हत्या कर दी गई थी।
- इस पुरस्कार में 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। पहला संस्करण सितंबर 2018 में कार्टूनिस्ट पी. महमूद को दिया गया था।

✓ 2019 'वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर' अवार्ड जीतने वाली पहली हॉकी खिलाड़ी -- **रानी रामपाल।**

- **नोट:** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और वर्ष 2020 की पद्म श्री पुरस्कार विजेता रानी रामपाल वर्ष 2019 का 'वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीतने वाली पहली हॉकी खिलाड़ी बनीं। यह घोषणा वर्ल्ड गेम्स द्वारा की गई थी।
- हरियाणा की रानी ने दुनिया भर में प्रशंसकों से 1,99,477 वोट प्राप्त किए हैं।

✓ भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) ने प्रिंट मीडिया के लिए राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार से **द हिंदू तमिल** सम्मानित किया।

- **नोट:** भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने नई दिल्ली में आयोजित 10वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वर्ष 2019 में मतदाता जागरूकता और शिक्षा अभियान के लिए राष्ट्रीय निर्वाचन समिति पुरस्कार के रूप में "द हिंदू तमिल" को प्रिंट मीडिया के लिए राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार से सम्मानित किया।
- राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान 'उम्मीदवारों की योग्यता के आधार पर वोट देने का अधिकार' के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए द हिंदू तमिल के संपादक के. अशोकन को राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार प्रदान किया।

- ✓ पुस्तक डिजाइन में शानदार प्रदर्शन के लिए ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज 2020 से **स्नेहा पामनेजा को** सम्मानित किया गया।
    - **नोट:** नई दिल्ली में प्रसिद्ध ग्राफिक डिजाइनर स्नेहा पमनेजा को जयपुर, राजस्थान में डिग्गी पैलेस होटल में आयोजित ज़ी जयपुर साहित्य महोत्स्व (JLF) के 13वें संस्करण में जयपुर बुकमार्क में बुक डिजाइन में शानदार प्रदर्शन के लिए अपनी तरह के पहले पुरस्कार, ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज 2020 से सम्मानित किया।
    - उन्हें टिफिन: ऑथैंटिक रेसिपीज सेलिब्रेटिंग इंडियाज रीजनल क्यूसाइन' पुस्तक का कवर डिजाइन करने के लिए सम्मानित किया गया था।
- ✓ दुबई की रहने वाली भारतीय लड़की, **सुचेता सतीश जो** 120 भाषाओं में गा सकती है, ने **ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिगी** (Global Child Prodigy) अवार्ड जीता।
    - **नोट:** दुबई इंडियन हाई स्कूल की कोकिला (nightingale) के नाम से प्रसिद्ध 13 वर्षीय सुचेता सतीश ने गायन श्रेणी में जीत हासिल की।
    - **ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिगी अवार्ड** विभिन्न श्रेणियों जैसे नृत्य, संगीत, कला, लेखन, अभिनय, मॉडलिंग, विज्ञान, नवाचार, खेल आदि में बच्चों की प्रतिभा और क्षमता को सम्मानित करने का एक मंच है।
- ✓ गोल्डन ग्लोब अवार्ड 2020 में बेस्ट मोशन पिक्चर (ड्रामा) -- **फिल्म 1917।**
    - **नोट:** फिल्मों और अमेरिकी टेलीविजन शो को सम्मानित करने वाले **77वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड** 6 जनवरी, 2020 को कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में बेवर्ली हिल्टन होटल में वितरित किए गए।
    - सर्वश्रेष्ठ फिल्म - ड्रामा: **1917**
    - सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (फिल्म में)- नाटक: **रेनी ज़ेल्वेगर, जूडी**
    - सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (फिल्म में)- नाटक: **जोकिन फीनिक्स, जोकर**
    - सर्वश्रेष्ठ फिल्म - म्यूजिकल या कॉमेडी: **वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड**
    - सर्वश्रेष्ठ स्कोर - फिल्म: **जोकर**
    - सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - **फिल्म: सैम मेंडेस, 1917**
    - बेस्ट सॉन्ग - फिल्म: **I'm Gonna Love Me Again, रॉकेटमैन**

# महत्वपूर्ण खबरें: खेल जगत

- ✓ 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के तीसरे संस्करण में शामिल नए खेल -- **लॉन बॉल और साइक्लिंग।**
    - **नोट:** खेल का तीसरा संस्करण 10 जनवरी 2020 से गुवाहाटी असम में शुरू होगा। 37 टीमों के लगभग 6500 एथलीटों के भाग लेने की उम्मीद है।
    - असम, उत्तर पूर्व और देश के बाकी हिस्सों से सांस्कृतिक कार्यक्रम 13 से 15 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे। स्वदेशी खेलों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।
    - उन्होंने कहा कि सुरुसजई में एक विशाल उद्घाटन समारोह की योजना बनाई जा रही है।
- ✓ **भारतीय आइस हॉकी महासंघ** (IHAI) की पांचवीं **राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप -2020 लेह, लद्दाख** कहां हुई।
    - **नोट:** यह टूर्नामेंट 7 जनवरी तक लेह के कारज़ू आइस हॉकी रिंक में जारी रहेगा, जहां सेना, चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और घरेलू टीम लद्दाख लड़कों की अंडर -20 श्रेणी में चैंपियनशिप के लिए मुकाबला कर रहे हैं।
    - इसी प्रकार, लड़कियों की श्रेणी में लद्दाख, महाराष्ट्र, दिल्ली और चंडीगढ़ चैंपियनशिप के लिए मुकाबला कर रहे हैं।
- ✓ पूर्व भारतीय कप्तान **महेंद्र सिंह धोनी ने ESPN क्रिकइन्फो की दशकीय एकदिवसीय और ट्वेंटी 20 टीमों** का कप्तान चुना गया।
    - **नोट:** विराट कोहली को टेस्ट टीम का कप्तान चुना गया। कुलदीप यादव, और युजवेंद्र चहल, टेस्ट टीम में अन्य भारतीय थे।
    - पूर्व कप्तान मिताली राज और तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को महिलाओं की एकदिवसीय और ट्वेंटी 20 दोनों टीमों के लिए चुना गया।
    - ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेटर, मेग लैनिंग को टीम का कप्तान चुना गया।
- ✓ **हेस्टिंग्स इंटरनेशनल चेस** का खिताब **मंगेश चंद्रन ने** हासिल किया**।**
    - **नोट:** भारतीय ग्रैंड मास्टर **पी. मंगेश चंद्रन** ने हेस्टिंग्स, इंग्लैंड में आयोजित प्रतिष्ठित **हेस्टिंग्स इंटरनेशनल चेस कांग्रेस** के 95वें संस्करण में जीत हासिल की।
    - फ्रांस के रोमैन एडोर्ड, जो चंद्रन से आधे कम अंक के साथ टूर्नामेंट को समाप्त करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे, ने दूसरा स्थान हासिल किया।
    - अमेरिका में रहने वाले चंद्रन ने छह जीत दर्ज की और शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए तीन ड्रॉ खेले।
- ✓ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के पहले संस्करण की मेजबानी **भुवनेश्वर** करेगा**।**
    - **नोट: खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स** का पहला संस्करण 22 फरवरी से 1 मार्च, 2020 तक भुवनेश्वर के KIIT विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।
    - खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 17 अलग-अलग खेलों जैसे तीरंदाजी, एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, जूडो, तैराकी, भारोत्तोलन, कुश्ती, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, रग्बी और कबड्डी में शीर्ष सम्मान के लिए भारत भर के 100 विश्वविद्यालयों के 4,000 से अधिक एथलीटों का गवाह बनेगा।
- ✓ 63वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा का स्वर्ण पदक **सौरभ चौधरी ने** जीता**।**
    - **नोट:** निशानेबाज **सौरभ चौधरी** ने भोपाल में आयोजित **63वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप** में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। एक रोमांचक फाइनल में दूसरे

स्थान पर रहे हरियाणा के सरबजोत सिंह 243.9 के स्कोर के साथ उनसे काफी पीछे थे, जबकि दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अभिषेक वर्मा को कांस्य से संतोष करना पड़ा।

- ✓ भारतीय ऑलराउंडर **इरफान पठान ने** क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपने सन्यास की घोषणा की।
  - **नोट:** भारतीय ऑलराउंडर **इरफान पठान** ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपने सन्यास की घोषणा की।पठान ने 29 टेस्ट, 120 एकदिवसीय और 24 T20I मैच खेले।वह 2007 विश्व ट्वेंटी 20 में विजयी भारतीय टीम के खिलाड़ी थे और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में मैन ऑफ द मैच विजेता थे।
- ✓ **दुबई ग्लोब सॉकर अवॉर्ड** में **मेंस प्लेयर ऑफ द ईयर** का पुरस्कार **क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने** जीता।
  - **नोट: क्रिस्टियानो रोनाल्डो** ने दुबई में आयोजित दुबई **ग्लोब सॉकर अवॉर्ड** में **मेंस प्लेयर ऑफ द ईयर** का पुरस्कार जीता।
  - रोनाल्डो ने अपने नौ वर्षों के करियर में छह बार पुरस्कार जीता है। इंग्लैंड की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी लुसी ब्रॉन्ज को वूमन प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2019 के पुरस्कार 16 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए थे।
  - ग्लोब सॉकर अर्वाड फुटबॉल में उत्कृष्टता के लिए दिए जाने वाले वार्षिक पुरस्कार हैं, जो EFAA (यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ प्लेयर्स एजेंट) और ECA (यूरोपियन क्लब एसोसिएशन) द्वारा आयोजित किए जाते हैं।
- ✓ विश्व कप विजेता इटली के खिलाड़ी **डेनियल डी. रोस्सी ने** फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की।
  - **नोट:** इतालवी मिडफील्डर **डेनियल डी. रोस्सी** (37 वर्षीय) ने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की।
  - डेनियल डी. रोस्सी ने वरिष्ठ स्तर पर इटली के लिए 117 मैच खेले हैं, जिसमें वर्ष 2006 में फीफा विश्व कप की जीत भी शामिल है।
  - 18 वर्ष के अपने करियर में उन्होंने 616 मैच खेले और 63 गोल किए तथा दो कोप्पा इटालिया खिताब जीते।
- ✓ भारोत्तोलक **सरबजीत कौर** पर **नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी** (नाडा) द्वारा डोपिंग के चलते चार वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया।
  - **नोट:** पिछले वर्ष फरवरी में महिलाओं की राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 71 किलोग्राम की प्रतिस्पर्धा जीतने वाली सरबजीत का नमूना विशाखापत्तनम में आयोजित 34वीं महिला वरिष्ठ राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के दौरान एकत्र किया गया था।
  - "**एंटी-डोपिंग अनुशासनात्मक** समिति ने भारोत्तोलक सरबजीत कौर को एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया है। उन पर चार वर्ष की अवधि के लिए अयोग्यता का जुर्माना लगाया गया है।
- ✓ जापान के बैडमिंटन खिलाड़ी **केंटो मोमोटा ने मलेशिया मास्टर्स 2020** का खिताब जीता।
  - **नोट:** उन्होंने डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन को 24-22, 21-11 से हराया। मलेशिया में हासिल जीत मोमोटा की जुलाई में होने वाले टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतने की पहल को मजबूत करती है।
  - वर्तमान विश्व चैंपियन ने संवाददाताओं से कहा कि वह 2020 में बड़ी सफलता पर नजर बनाए हुए हैं। मोमोटा, वर्तमान में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, ने पिछले वर्ष रिकॉर्ड 11 खिताब जीते थे।
- ✓ सिडनी में पहला **ATP कप टेनिस** टूर्नामेंट **सर्बिया ने** जीता।
  - **नोट:** जोकोविच (वर्ल्ड नंबर 2) ने एकल में राफेल नडाल (वर्ल्ड नंबर 1) पर 6-2, 7-6 (7-4) से सीधे सेटों में जीत हासिल की।
  - युगल में, जोकोविच और विक्टर ट्रॉइकी ने फेलेसियानो लोपेज़ और पाब्लो कार्रेनो बुस्टा पर 6-3, 6-4 से सीधे सेटों में जीत हासिल की।

    - ATP कप 2020 ATP टूर का शुरुआती टूर्नामेंट और वर्ष 2012 में विश्व टीम कप के अंतिम संस्करण के बाद पहला ATP टीम टूर्नामेंट था।

- ✓ तीसरे **खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2020** की शुरुआत **गुवाहाटी में** हुई।
    - **नोट:** असम के गुवाहाटी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में तीसरे **खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2020** की शुरुआत हुई।
    - खेलो इंडिया यूथ गेम्स हर वर्ष आयोजित होने वाली एक राष्ट्रीय स्तर के विविध खेलों की प्रतियोगिता है।
    - 37 टीमों के छह हजार पांच सौ एथलीट इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। साइक्लिंग और लॉन बॉल को गेम्स में नए खेलों के रूप में शामिल किया गया है।
- ✓ **7वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप महिला ट्रॉफी लद्दाख ने** जीती।
    - **नोट:** यह मैच लद्दाख के कारज़ू आइस हॉकी रिंक में आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IHAI) ने लद्दाख विंटर स्पोर्ट्स क्लब के साथ मिलकर किया था।
    - चंडीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र और लद्दाख का प्रतिनिधित्व करने वाली चार महिला टीमों ने टूर्नामेंट में भाग लिया था।
- ✓ शारजाह में आयोजित वर्ष 2020 की डिप्लोमैट कप क्रिकेट चैंपियनशिप का विजेता **भारत है।**
    - **नोट:** भारतीय वाणिज्य दूतावास की टीम ने शारजाह में आयोजित वर्ष 2020 की डिप्लोमैट कप क्रिकेट चैंपियनशिप जीती।
    - भारतीय वाणिज्य दूतावास की टीम ने पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास को हराकर ट्रॉफी जीती, जो शारजाह में स्काईलाइन यूनिवर्सिटी कॉलेज द्वारा आयोजित की गई थी।
    - ट्रॉफी का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में स्थित विभिन्न वाणिज्य दूतावासों के अधिकारियों और कर्मचारियों को एकजुट करने के उद्देश्य से किया गया था।
- ✓ भारतीय पहलवान **विनेश फोगाट** ने रोम में आयोजित रोम रैंकिंग सीरीज में वर्ष 2020 का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।
    - **नोट:** विनेश फोगाट ने रोम में आयोजित रोम रैंकिंग सीरीज में वर्ष 2020 का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।
    - उन्होंने 53 किग्रा वर्ग के फाइनल में इक्वाडोर की लुइसा एलिजाबेथ मेलेंड्रेस को 4-0 से हराया।
    - युवा खिलाड़ी अंशु मलिक को 57 किग्रा वर्ग की प्रतिस्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वह नाइजीरिया की ओडुनायो एडेकुओरोये से 10-0 के स्कोर से हार गईं।
- ✓ इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित इंडोनेशिया बैडमिंटन मास्टर्स 2020 का महिला एकल खिताब **रैचानॉक इंथानॉन ने** जीता।
    - **नोट:** थाईलैंड की रैचानॉक इंथानॉन ने जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित इंडोनेशिया बैडमिंटन मास्टर्स 2020 में महिला एकल का खिताब जीता।
    - उन्होंने अंतिम मुकाबले में कैरोलिना मारिन (स्पेन) को 21-19, 11-21, 21-18 से हराया। यह जीत इंडोनेशियाई टूर्नामेंट में उनका दूसरा खिताब थी।
- ✓ आस्ट्रेलिया के होबार्ट में WTA इंटरनेशनल ट्रॉफी का महिला युगल खिताब **सानिया मिर्जा (भारत) और नाडिया किचेनोक (यूक्रेन)** ने जीता।
    - **नोट:** सानिया मिर्जा (भारत) और नाडिया किचेनोक (यूक्रेन) ने ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में WTA इंटरनेशनल ट्रॉफी का महिला युगल खिताब जीता।

- उन्होंने चीन की शुआई पेंग और शुआई झांग को 6-4, 6-4 से हराया। यह सानिया का 42वां WTA खिताब और वर्ष 2007 में अमेरिकी साझीदार बेथानी मैटेक-सैंड्स के साथ ब्रिस्बेन इंटरनेशनल ट्रॉफी के बाद पहला खिताब है।

✓ ICC अंडर -19 विश्व कप क्रिकेट 2020 **दक्षिण अफ्रीका में** शुरू हुआ।
  - **नोट:** ICC अंडर -19 विश्व कप क्रिकेट 2020 दक्षिण अफ्रीका में शुरू हुआ। भारतीय टीम प्रियम गर्ग की कप्तानी में खेल रही है।
  - टूर्नामेंट का फाइनल 9 फरवरी को जेबी मार्क्स ओवल, पोटचेफस्ट्रूम, दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। भारत टूर्नामेंट में सबसे सफल टीम है, जिसने अब तक चार खिताब जीते हैं।
  - भारत U19 विश्व कप 2018 की विजेता टीम है। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जो चार ग्रुप में विभाजित हैं।

✓ **विदेशी फ़ुटबॉल क्लब 'रेंजर्स FC' (स्कॉटलैंड)** से जुड़ने वाली पहली भारतीय महिला -- **बाला देवी।**
  - **नोट:** मणिपुर की नंगंगोम बाला देवी (29 वर्षीय) 18 महीने के लिए स्कॉटलैंड के महिला प्रीमियर लीग क्लब रेंजर्स (फुटबॉल क्लब) से एक पेशेवर अनुबंध करने वाली और नवंबर, 2019 में सफल प्रयोग के बाद जर्सी नंबर 10 में खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन गई हैं।
  - कर्नाटक के बैंगलुरु स्थित कैंटेरवा स्टेडियम में रेंजर्स FC और बेंगलुरु FC द्वारा औपचारिक घोषणा की गई।

✓ अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में 185 गोल के साथ शीर्ष स्कोरर कौन बना -- **क्रिस्टीन मार्गरेट सिंक्लेयर।**
  - **नोट:** कनाडाई फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टीन मार्गरेट सिंक्लेयर (36 वर्षीय) अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में 185 गोल के साथ शीर्ष स्कोरर बन गईं।
  - सिंक्लेयर ने 184 गोल करने वाली अमेरिकी एबी वैमबेच (मूल नाम मैरी अबीगैल वॅमबेच) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

✓ **टेनिस इंटीग्रिटी यूनिट (TIU)** ने मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार के कारण किस पर आजीवन प्रतिबंध लगाया -- **जोआओ ओलवाओ सोआरेस डी सूजा।**
  - **नोट:** टेनिस में मैच फिक्सिंग की जांच के लिए उत्तरदाई टेनिस इंटीग्रिटी यूनिट (TIU) के अनुसार, ब्राज़ील के एक पूर्व पेशेवर टेनिस खिलाड़ी, जोआओ ओलवाओ सोआरेस डी सूजा (31) पर मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार के कारण आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया है।
  - इसने सूजा पर 200,000 डॉलर का जुर्माना भी लगाया। TIU की जांच के अनुसार, जोआओ सूजा ने वर्ष 2015 और 2019 के बीच ब्राजील, मैक्सिको, संयुक्त राज्य अमेरिका, चेक गणराज्य में आयोजित ATP चैलेंजर और ITF फ्यूचर्स टूर्नामेंट में मैच फिक्सिंग की।

✓ अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट "स्ट्रैंड्जा" 2020 का 71वां संस्करण कहां आयोजित हुआ -- **सोफिया, बुल्गारिया।**
  - **नोट:** अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट "स्ट्रैंड्जा" 2020 का 71वां संस्करण 19-26 जनवरी, 2020 तक सोफिया, बुल्गारिया में आयोजित किया गया था।
  - भारत तीन पदक (1 रजत, 2 कांस्य) के साथ पदक तालिका में 9वें स्थान पर रहा। इस सूची में 10 पदक (4 स्वर्ण, 1 रजत, 5 कांस्य) के साथ यूक्रेन सबसे ऊपर था।

✓ पुरुषों की **केइरिन व्यक्तिगत साइक्लिंग स्पर्धा** के **छह दिवसीय बर्लिन टूर्नामेंट** में स्वर्ण पदक किसने जीता -- **ईसो अल्बेन।**
  - **नोट:** भारतीय साइकिल चालक ईसो अल्बेन ने पुरुषों की केइरिन व्यक्तिगत स्पर्धा के छह दिवसीय बर्लिन टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता।
  - चेक गणराज्य के टॉमस बाबेक, जिन्होंने **2017 विश्व चैम्पियनशिप** में रजत जीता था, दूसरे स्थान पर रहे जबकि जर्मनी के **मैक्सिमिलियन लेव** ने कांस्य पदक जीता।

✓ रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने किस भारतीय नौकाचालक पर लगा प्रतिबंध हटा लिया -- **दत्तू भोकानल।**

- **नोट**: रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भारतीय नौकाचालक दत्तू भोकानल पर लगा प्रतिबंध हटा लिया।
- उन्हें रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए खेल से मार्च, 2019 में निलंबित कर दिया गया था।
- उन्हें 2018 एशियाई खेलों के दौरान एकल स्कल्स रेस बीच में छोड़ने के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया था।

✓ **खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2020** के तीसरे संस्करण की पदक तालिका में कौन सा राज्य शीर्ष पर रहा -- **महाराष्ट्र।**

- **नोट**: खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तीसरे संस्करण का समापन हुआ। महाराष्ट्र ने गुवाहाटी में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 78 स्वर्ण सहित 256 पदकों के साथ अपना वर्चस्व बरकरार रखा।
- हरियाणा कुल 200 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। दिल्ली 122 पदक के साथ तीसरे स्थान पर रही। असम की शिवांगी शर्मा ने तैराकी में पांच स्वर्ण और दो रजत जीते। वह खेलो इंडिया यूथ गेम्स की सबसे सफल महिला खिलाड़ी थीं।

✓ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) अवार्ड के 16वें संस्करण में ODI क्रिकेटर ऑफ द ईयर **रोहित शर्मा को** चुना गया।

- **नोट**: अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पिछले 12 महीनों के सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए वर्ष 2019 के ICC पुरस्कार विजेताओं की सूची की घोषणा की।
- भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित गुरुनाथ शर्मा पहली बार ODI क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गए। वहीं, विराट कोहली को स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड प्रदान किया गया।
- इंग्लैंड के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी जीती। जबकि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस वर्ष 2019 में 59 विकेट लेकर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर बने।

## चर्चित व्यक्तित्व

---

- ✓ एक वर्ष की अवधि के लिए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में पुन: **वी.के. यादव को** नियुक्त किया गया।
    - **नोट:** श्री यादव ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अश्वनी लोहानी का पदभार संभाला, जो दिसंबर 2018 में पद से सेवानिवृत्त हुए थे।
    - इससे पहले, यादव ने दक्षिण मध्य रेलवे (SCR) के महाप्रबंधक का पद संभाला था। वह एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं और इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ़ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स के 1980 बैच से हैं।
- ✓ केंद्र सरकार ने **राजनाथ सिंह (रक्षा मंत्री) की** अध्यक्षता में "प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) की समीक्षा करने के लिए 7 सदस्यीय मंत्रिसमूह (GoM) का गठन किया।
    - **नोट:** GoM किसानों की आवश्यकताओं के अनुसार बीमा योजना को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी देगा। GoM में गृह मंत्री अमित शाह और कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, कृषि, वित्त, आदिवासी मामलों और पशुपालन राज्य मंत्री शामिल हैं।
    - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) किसी अप्रत्याशित घटना के कारण फसल नुकसान या क्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 14 जनवरी 2016 को शुरू की गई थी।
- ✓ आयरलैंड के बेलफास्ट में **क्वीन यूनिवर्सिटी की नई चांसलर हिलेरी क्लिंटन को** नियुक्त किया गया।
    - **नोट:** पूर्व अमेरिकी स्टेट सेकेट्री **हिलेरी क्लिंटन** को पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए बेलफास्ट, आयरलैंड में **क्वीन यूनिवर्सिटी की नई चांसलर** नियुक्त किया गया है।
    - वह यूनिवर्सिटी की पहली महिला चांसलर बनीं।वर्ष 2018 में म्यूचुअल ऑफ अमेरिका लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी थॉमस जे. मोरॉन के निधन के बाद से चांसलर का पद रिक्त है।
- ✓ ईरान के सर्वोच्च नेता **अयातुल्ला अली खामेनेई** ने रेवॉल्यूशनरी गार्ड्स के विदेशी ऑपरेशनों की शाखा के उप-प्रमुख इस्माइल क़ैनी को नया कमांडर नियुक्त किया ।
    - **नोट:** इससे पहले, सोलेमनी को बगदाद में अमेरिकी हमले में मारा गया था।
    - क़ैनी वर्ष 1980-88 के ईरान-इराक युद्ध के दौरान गार्ड्स के सबसे प्रमुख कमांडरों में से एक थे।
- ✓ शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (SCI) का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक **हरजीत कौर जोशी को** नियुक्त किया गया।
    - **नोट:** हरजीत कौर वर्तमान में SCI में वित्त निदेशक हैं और 12 सितंबर से नवरत्न PSU की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही हैं।
    - हरजीत कौर SCI की अध्यक्ष बनाने वाली पहली महिला होंगी, जिसमें सरकार की 63.75 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह SCI का प्रभार ऐसे समय संभालेंगी जब सरकार शिपिंग कंपनी के निजीकरण की योजना बना रही है।
- ✓ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का अध्यक्ष **डॉ. सुरेश चंद्र शर्मा को** नियुक्त किया गया।
    - **नोट:** वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) में प्रोफेसर और ENT - हेड एंड नेक सर्जरी के प्रमुख हैं।
    - इस संदर्भ में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) द्वारा एक आदेश जारी किया गया।
    - स्वास्थ्य मंत्रालय अधिकारी आर.के. वत्स, जो भारतीय चिकित्सा परिषद (MCI) के महासचिव भी रह चुके हैं, को NMC का महासचिव नियुक्त किया गया।
- ✓ क्रोएशिया के राष्ट्रपति चुनाव में **ज़ोरान मिलानोविक ने** जीत हासिल की।
    - **नोट:** ज़ोरान मिलानोविक क्रोएशिया के पूर्व प्रधान मंत्री हैं, जिन्होंने क्रोएशिया को एक सहिष्णु राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

- सोशल डेमोक्रेट उम्मीदवार, मिलानोविक ने 52.7 प्रतिशत वोट हासिल किए, जबकि राष्ट्रपति कोलिंदा ग्रैबर-किटारोविक ने 47.3 प्रतिशत वोट हासिल किए।
- कोलिंदा ग्रैबर-किटारोविक क्रोएशिया की प्रथम महिला राष्ट्रपति थीं।

✓ ओमान के सुल्तान का पद **हैथम बिन तारिक अल-सैद ने** ग्रहण किया।

- **नोट:** स्वर्गीय सुल्तान काबूस बिन सईद ने 1970 के बाद से हाउस ऑफ अल सैद के 8वें सुल्तान के रूप में ओमान पर शासन किया था।
- स्वर्गीय सुल्तान ने स्वयं के उत्तराधिकारी के रूप में हैथम बिन तारिक अल सैद (स्वर्गीय सुल्तान काबूस के चचेरे भाई) को चुना था, क्योंकि सुल्तान की कोई संतान नहीं थी।
- वह हाल के अरब शासकों में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले सम्राट थे।

✓ ताइवान की राष्ट्रपति का चुनाव **साई इंग-वेन ने** जीता।

- **नोट:** साई ने 8.17 मिलियन मत हासिल किए, जबकि उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हान कुओ-यू ने 5.52 मिलियन मत (38.6 प्रतिशत) हासिल किए।
- उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी ने अंतिम परिणामों के अनुसार, व्यवस्थापिका का नियंत्रण पुन: हासिल किया।

✓ प्रसिद्ध रसायनज्ञ जिन्हें इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड केमिस्ट्री (IUPAC) का ब्यूरो सदस्य **बिपुल बिहारी साहा (2020-23) को** चुना गया।

- **नोट:** बिपुल बिहारी साहा **सी.एन.आर. राव** (भारतीय विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक और भारत रत्न) के बाद एक शताब्दी में दूसरे ऐसे भारतीय हैं जिन्हें इस पद के लिए चुना गया है।
- IUPAC के पास सभी नए तत्वों और यौगिकों के नामकरण, परमाणु भार और भौतिक स्थिरांक घोषित करने, आवर्त सारणी का नवीनीकरण करने और अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा करने का उत्तरदायित्व है।

✓ **माल्टा के 14वें प्रधान मंत्री** के रूप में **रॉबर्ट अबेला ने** शपथ ग्रहण की।

- **नोट:** उन्होंने सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री जोसेफ मस्कट की जगह ली, जिन्होंने एक खोजी पत्रकार की हत्या की जवाबदेही में इस्तीफा दे दिया था।
- अबेला माल्टा के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज अबेला के पुत्र हैं। रॉबर्ट अबेला ने नए नेता के रूप में चुने जाने के लिए माल्टा के शासी दल के आंतरिक नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा में आश्चर्यजनक जीत हासिल की।

✓ ग्रीस की पहली महिला राष्ट्रपति **कैटरीना साकेल्लारोपोउलो** को चुना गया।

- **नोट:** ग्रीस की संसद ने कैटरीना साकेल्लारोपोउलो को देश की पहली महिला राष्ट्रपति चुना।
- साकेल्लारोपोउलो को 300 सीटों वाली संसद में 261 सांसदों का समर्थन प्राप्त हुआ, जिसमें सत्तारूढ़ न्यू डेमोक्रेसी पार्टी के सदस्यों का समर्थन भी शामिल था।

✓ तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के पद पर **माइकल पात्रा को** नियुक्त किया गया।

- **नोट:** वर्तमान में वह भारतीय रिजर्व बैंक में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने विरल आचार्य की जगह ली, जिन्होंने 23 जुलाई, 2019 को पद छोड़ दिया था।
- वह रिजर्व बैंक में चौथे डिप्टी गवर्नर के रूप में पदभार संभालेंगे।

✓ फ्लिपकार्ट के पूर्व CEO सचिन बंसल ने **DHFL जनरल इंश्योरेंस** कंपनी का अधिग्रहण किया।

- **नोट: सचिन बंसल** (फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक और पूर्व CEO) ने कपिल वधावन के नेतृत्व वाले वधावन ग्रुप कैपिटल (WGC) से लगभग 100 करोड़ रुपये में **DHFL जनरल इंश्योरेंस** का अधिग्रहण किया।

- WGC ऋण-ग्रस्त दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (DHFL) की मूल कंपनी है और इस समझौते को एक आपात बिक्री के रूप में देखा जा रहा है।

✓ AEPC संगठन का नया अध्यक्ष **ए. शक्तिवेल को** नियुक्त किया गया।
- **नोट:** उन्हें वर्ष 2020-2021 की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। वह AEPC के इतिहास में पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें AEPC के अध्यक्ष के रूप में चौथी बार शपथ दिलाई गई है।
- शक्तिवेल ने कुछ निर्यातकों के साथ मिलकर वर्ष 1990 में तिरुपुर एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की स्थापना की थी।

✓ राष्ट्र के स्वामित्व वाले **आवास एवं शहरी विकास निगम** (HUDCO) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) के रूप में **एम. नागराज को** नियुक्त किया गया।
- **नोट:** वह रवि कांत की जगह लेंगे। नागराज कंपनी के निदेशक (कॉर्पोरेट योजना) भी हैं। HUDCO आवास एवं शहरी अवसंरचना परियोजनाओं के लिए ऋण प्रदान करता है।

✓ **नेशनल बुक ट्रस्ट** (NBT) का निदेशक **लेफ्टिनेंट कर्नल युवराज मलिक को** नियुक्त किया गया।
- **नोट:** उन्होंने साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता लेखिका रीता चौधरी की जगह ली।
- श्री मलिक ने रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, जम्मू-कश्मीर राजभवन, अफ्रीका में संयुक्त राष्ट्र मिशन और जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, पंजाब और राजस्थान सहित प्रशासनिक एवं सामरिक कार्यों के कई परिचालन क्षेत्रों में भी काम किया है।

✓ निलंबित भारतीय तीरंदाजी संघ (AAI) का अध्यक्ष **अर्जुन मुंडा को** चुना गया।
- **नोट:** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा को निलंबित भारतीय तीरंदाजी संघ (AAI) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।
- यह चुनाव दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशानुसार हुए थे। AAI के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार मल्होत्रा के समर्थन से झारखंड तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष मुंडा ने असम तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष और सेवानिवृत्त IAS अधिकारी बी.वी.पी. राव को 34-18 के अंतर से हराया।

✓ नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय (NMML) की कार्यकारी परिषद का अध्यक्ष **नृपेंद्र मिश्रा को** नियुक्त किया गया।
- **नोट:** नृपेंद्र मिश्रा को नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय (NMML) की कार्यकारी परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- NMML की कार्यकारी परिषद का पुनर्गठन किया गया है और अब इसकी अध्यक्षता नृपेंद्र मिश्रा करेंगे। प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. ए. सूर्य प्रकाश, परिषद के उपाध्यक्ष होंगे।

✓ महारानी एलिजाबेथ II ने अपने काउंसल (सलाहकार अधिवक्ता) के रूप में भारतीय वरिष्ठ वकील **हरीश साल्वे** को नियुक्त किया गया।
- **नोट:** भारतीय वकील हरीश साल्वे को महारानी एलिजाबेथ II के वरिष्ठ अधिवक्ता सलाहकार के रूप में नियुक्त किया।
- उन्हें इंग्लैंड एंड वेल्स कोर्ट के लिए क्वीन काउंसल (QC) के रूप में नियुक्त किया गया है। उनका नाम ब्रिटेन के न्याय मंत्रालय द्वारा 13 जनवरी को जारी सिल्क लिस्ट नियुक्ति सूची में शामिल किया गया।
- साल्वे और अन्य नियुक्तियों को औपचारिक रूप से 16 मार्च 2020 को क्वीन काउंसल के रूप में नियुक्त किया जाएगा।
- क्वीन काउंसल का खिताब उन लोगों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने वकालत में विशेष कौशल और विशेषज्ञता प्रदर्शित की हो।

- ✓ वर्ष 2020-23 तक की अवधि के लिए इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड केमिस्ट्री (IUPAC) का ब्यूरो सदस्य **बिपुल बिहारी साहा को** चुना गया।
    - **नोट:** प्रसिद्ध रसायनज्ञ बिपुल बिहारी साहा को वर्ष 2020-23 की अवधि के लिए इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड केमिस्ट्री (IUPAC) के ब्यूरो सदस्य के रूप में चुना गया है।
    - वह सी.एन.आर. राव के बाद एक शताब्दी में इस पद के लिए चुने जाने वाले दूसरे भारतीय हैं।
- ✓ भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मौद्रिक नीति समिति (MPC) के सदस्य के रूप में **जनक राज** को नियुक्त किया।
    - **नोट:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने अपने कार्यकारी निदेशक जनक राज को मौद्रिक नीति समिति (MPC) का सदस्य नियुक्त किया।
    - वह एम.डी. पात्रा की जगह लेंगे, जिन्हें हाल ही में RBI के डिप्टी-गवर्नर के पद पर पदोन्नत किया गया था।
    - MPC की अध्यक्षता RBI का गवर्नर करता है। भारत की मौद्रिक नीति समिति भारत में बेंचमार्क ब्याज दर निर्धारित करने के लिए उत्तरदायी है।
- ✓ संयुक्त राज्य अमेरिका में नए भारतीय राजदूत के रूप में **तरनजीत सिंह संधू** को नियुक्त किया गया।
    - **नोट:** तरनजीत सिंह संधू ने संयुक्त राज्य अमेरिका में नए भारतीय राजदूत के रूप में कार्यभार संभाला।
    - वह नए विदेश सचिव के पद पर नियुक्त हुए हर्षवर्धन श्रृंगला की जगह लेंगे, जो हाल ही में कार्यभार संभालने के लिए नई दिल्ली पहुंचे थे। संधू 24 जनवरी, 2017 से श्रीलंका में भारत के वर्तमान उच्चायुक्त हैं।
- ✓ भारतीय बैंक संघ (IBA) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में **सुनील मेहता** नियुक्त किया गया।
    - **नोट:** सुनील मेहता ने भारतीय बैंक संघ (IBA) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का पदभार संभाला।
    - वह वी.जी. कन्नन की जगह लेंगे, जिन्होंने 31 दिसंबर, 2019 को IBA के मुख्य कार्यकारी के पद से इस्तीफा दे दिया था। IBA के CEO का कार्यकाल 3 वर्ष का होता है।
- ✓ वर्ष 2020 के लिए फोरम ऑफ द इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज़ ऑफ साउथ एशिया (FEMBoSA) के अध्यक्ष के रूप में **सुनील अरोड़ा को** नियुक्त किया गया।
    - **नोट:** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC), सुनील अरोड़ा ने वर्ष 2020 के लिए फोरम ऑफ द इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज़ ऑफ साउथ एशिया (FEMBoSA) के अध्यक्ष का पदभार संभाला।
    - उन्होंने के.एम. नुरुल हुडा की जगह ली जो बांग्लादेश के वर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं। सुनील अरोड़ा ने FEMBoSA की 10वीं वार्षिक बैठक के दौरान पदभार ग्रहण किया।
- ✓ भारतीय स्टेट बैंक का प्रबंध निदेशक **चेल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी को** नियुक्त किया गया।
    - **नोट:** मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने चेल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी को भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया।
    - वित्तीय सेवा विभाग ने भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक के पद के लिए मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति के समक्ष उनका नाम प्रस्तावित किया। शेट्टी की नियुक्ति 3 वर्षों के लिए की गई है।
- ✓ केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **लिंगम वेंकट प्रभाकर को** नियुक्त किया गया।

- **नोट**:कार्मिक मंत्रालय ने तीन वर्ष की अवधि के लिए केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में लिंगम वेंकट प्रभाकर की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

✓ बैंक ऑफ बड़ौदा के निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **संजीव चड्ढा को** नियुक्त किया गया।

- **नोट**: कार्मिक मंत्रालय ने तीन वर्ष की अवधि के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में संजीव चड्ढा की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

✓ भारत के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **अतानु कुमार दास को** नियुक्त किया गया।

- **नोट**: कार्मिक मंत्रालय ने तीन वर्ष की अवधि के लिए केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अतानु कुमार दास की नियुक्त को मंजूरी दी।

## श्रद्धांजलियां

- ✓ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के वरिष्ठ नेता **डी.पी. त्रिपाठी का** नई दिल्ली में निधन हो गया।
    - **नोट:** वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महासचिव और एक पूर्व छात्र संघ नेता थे। दृष्टिबाधिता के बावजूद उन्होंने जीवन भर काम किया।
    - उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखी, जिनमें कांग्रेस एंड इंडिपेंडेंट इंडिया, जवाहर सत्काम, सेलिब्रेटिंग फैज़ और नेपाल ट्रांज़िशन- ए वे फारवर्ड जैसी पुस्तकें शामिल हैं।
- ✓ प्रख्यात असमिया नाटककार **रत्न ओझा का** निधन हो गया।
    - **नोट:** प्रख्यात असमिया नाटककार, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता **रत्न ओझा** (88 वर्षीय) का गुवाहाटी, असम में निधन हो गया।
    - रंगमंच में उनके योगदान के लिए वर्ष 2005 में प्रतिष्ठित नाट्यसूर्य पुरस्कार के प्राप्तकर्ता, ओझा ने राज्य में नाटक आंदोलन को पुनर्जीवित करने के लिए वर्ष 1971 में अपनी व्यंग रचना 'कोकईदेओ' के साथ असम में नुक्कड़ नाटकों की शुरुआत की थी, जो उनके संरक्षक फणी शर्मा की मृत्यु के साथ लुप्त हो रही थी।
- ✓ ईरानी जनरल **कासिम सोलेमनी** बगदाद हवाई अड्डे पर अमेरिकी हवाई हमले में मारे गए।
    - **नोट:** ईरान के **इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स** (IRGC) 'क्वाड्स फोर्स' के प्रमुख और इसके क्षेत्रीय सुरक्षा तंत्र के निर्माता **जनरल क़ासिम सोलेमनी** बगदाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक अमेरिकी हवाई हमले में मारे गए।
    - इस हमले में इराक में ईरान समर्थित नागरिक सेना पॉपुलर मोबलाइजेशन फोर्सेज (PMF) के डिप्टी कमांडर अबू महदी अल-मुहांदिस भी मारे गए।
- ✓ कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल **टी.एन. चतुर्वेदी** का निधन हो गया।
    - **नोट:** कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल टी.एन. चतुर्वेदी (90 वर्षीय) का नोएडा के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।
    - श्री चतुर्वेदी कर्नाटक के 14वें राज्यपाल थे (2002 से 2007 तक)। उन्होंने वर्ष 1984 से 1989 तक भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के रूप में भी कार्य किया।
- ✓ ओमान के राजा **सुल्तान काबूस बिन सैद का** वर्षों तक लंबी बीमारी से संघर्ष के बाद निधन हो गया।
    - **नोट:** ब्रिटेन द्वारा समर्थन प्राप्त करके सुल्तान काबूस अपने पिता के खिलाफ रक्तहीन तख्तापलट में वर्ष 1970 में सत्ता में आए थे।
    - सुल्तान काबूस ने एक उदारवादी और स्थिर विदेश नीति का पालन किया और उन्हें ओमान को एक आधुनिक देश में बदलने का श्रेय दिया जाता है।
    - उनके शासन के दौरान, ओमान प्राय: अस्थिर क्षेत्र में तटस्थ मध्यस्थ बन गया। काबूस द्वारा पेश किए गए लिखित संविधान में कहा गया है कि सत्तारूढ़ परिवार को सिंहासन के तीन दिनों तक रिक्त रहने की अवधि में एक उत्तराधिकारी चुनना होता है।
- ✓ स्वर्गीय बॉलीवुड अभिनेता-फिल्म निर्माता राज कपूर की पुत्री **रितु नंदा का** निधन हो गया।
    - **नोट:** रितु नंदा ऋषि कपूर, रणधीर कपूर और राजीव कपूर की बहन हैं।
- ✓ पूर्व भारतीय क्रिकेटर **मन मोहन सूद का** 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
    - **नोट:** पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता मन मोहन सूद का नई दिल्ली में निधन हो गया। सूद ने 1 शतक के साथ 1 टेस्ट मैच और 39 प्रथम श्रेणी मैच खेले।
    - 6 जुलाई, 1939 को पंजाब के लाहौर में जन्मे सूद ने वर्ष 1960 में मद्रास में रिची बेनॉड, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेला।

- ✓ 19 जनवरी, 2020 को **भारतीय शास्त्रीय गायिका** सुनंदा पटनायक (85) का कोलकाता, पश्चिम बंगाल में निधन हो गया।
  - **नोट:** भारतीय शास्त्रीय गायिका सुनंदा पटनायक (85 वर्षीय) का आयु संबंधित समस्याओं के कारण कोलकाता, पश्चिम बंगाल में निधन हो गया।
  - वह शास्त्रीय संगीत मंडली में 'गुरुमा' के नाम से प्रसिद्ध थीं। वह प्रसिद्ध ओडिया कवि बैकुंठनाथ पटनायक की पुत्री हैं और उन्होंने ओडिया और हिंदी दोनों में अनेक भजनों (भक्ति गीत) की रचना की है।
- ✓ 17 जनवरी, 2020 को रमेशचंद्र गंगाराम बापू नाडकर्णी का मुंबई, महाराष्ट्र में निधन हो गया, वे किस क्षेत्र में प्रसिद्ध थे -- **क्रिकेट।**
  - **नोट:** 17 जनवरी, 2020 को पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रमेशचंद्र गंगाराम बापू नाडकर्णी (86 वर्षीय) का मुंबई, महाराष्ट्र में निधन हो गया।
  - वह बाएं हाथ के बल्लेबाज और बाएं हाथ के धीमी गति के गेंदबाज थे। वह इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच में लगातार 21 मेडन ओवर फेंकने का रिकॉर्ड बनाने के लिए प्रसिद्ध थे।
- ✓ 20 जनवरी, 2020 को शमशेर सिंह सुरजेवाला का एम्स, नई दिल्ली में निधन हो गया, वह पेशेवर रूप से **राजनीतिज्ञ (हरियाणा कांग्रेस के प्रमुख)** थे।
  - **नोट:** 20 जनवरी, 2020 को हरियाणा के पूर्व कांग्रेस प्रमुख शमशेर सिंह सुरजेवाला का बीमारी के कारण अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल, नई दिल्ली में निधन हो गया।
  - वह 87 वर्ष के थे और हरियाणा के रहने वाले थे।
- ✓ वरिष्ठ पत्रकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व संसद सदस्य जिनका गुड़गांव के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया -- **अश्विनी कुमार चोपड़ा।**
  - **नोट:** वरिष्ठ पत्रकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद अश्विनी कुमार चोपड़ा का टर्मिनल कैंसर के बाद गुड़गांव के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।
- ✓ सुप्रसिद्ध उर्दू कवि जिनका 97 वर्ष की आयु में सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश में **अजमल सुल्तानपुरी का** निधन हो गया**।**
  - **नोट:** अजमल सुल्तानपुरी का उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में 97 वर्ष की आयु में आयु संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया।
  - अजमल सुल्तानपुरी को उर्दू काव्य में उनके योगदान के लिए मार्च 2016 में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा "आजीवन उपलब्धि पुरस्कार" से सम्मानित किया गया था।
  - अजमल सुल्तानपुरी की दो लोकप्रिय कविताएं "कह हैं मेरा हिंदुस्तान" और "अगर मैं तेरा शाहजहां" हैं।
- ✓ भारतीय बास्केटबॉल टीम के पूर्व कप्तान जिनका चेन्नई में 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया -- **पी. मैथ्यू सत्य बाबू।**
  - **नोट:**भारतीय बास्केटबॉल टीम के पूर्व कप्तान पी. मैथ्यू सत्य बाबू का तमिलनाडु के चेन्नई में 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
  - मैथ्यू सत्य बाबू ने वर्ष 1967 में सियोल, दक्षिण कोरिया, वर्ष 1969 में बैंकाक, थाईलैंड और वर्ष 1970 में मनीला, फिलीपींस में एशियाई बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।
- ✓ प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद्, शिक्षाविद और लेखक **तुषार कांजीलाल** का कोलकाता में 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
  - **नोट:** प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद, शिक्षाविद और लेखक तुषार कांजीलाल (85 वर्षीय) का कोलकाता, पश्चिम बंगाल में निधन हो गया।

- उनका जन्म 1 मार्च, 1935 को नोआखली, बांग्लादेश में हुआ था और वह वर्ष 1967 में मार्क्सवादी विचारधाराओं के प्रति आकर्षित हो गए और राजनीति का त्याग कर दिया।

✓ **अनुभवी अभिनेत्री जमीला मलिक** का हाल ही में 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

- **नोट:** अनुभवी अभिनेत्री जमीला मलिक (73 वर्षीय) का आयु-संबंधी बीमारियों के कारण केरल के तिरुवनंतपुरम में निधन हो गया।
- जमीला मलिक केरल की पहली महिला थीं, जिन्होंने भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (FTII), पुणे, महाराष्ट्र से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उनका जन्म केरल के कोल्लम में हुआ था।

✓ अनुभवी खिलाड़ी सुनीता चंद्रा जिनका उनके गृह नगर भोपाल में निधन हो गया, वह **हॉकी** खेल से जुड़ी थीं।

- **नोट:** सुनीता चंद्रा (76 वर्षीय) का उनके गृहनगर भोपाल, मध्य प्रदेश में निधन हो गया। वह अर्जुन पुरस्कार विजेता थी।
- वह वर्ष 1956 से 1966 तक भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए खेली थीं। उन्होंने 1963 से 1966 तक भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तानी की थी।

✓ अमेरिकी दिग्गज **बास्केटबॉल** खिलाड़ी कोबे बीन ब्रायंट और उनकी पुत्री का हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया।

- **नोट:**अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी कोबे बीन ब्रायंट और उनकी 13 वर्षीय पुत्री जियाना का दक्षिणी कैलिफोर्निया के कैलाबासेस के पास सिकोरस्काई एस -76 हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया।
- ब्रायंट नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (NBA) के इतिहास में चौथे शीर्ष स्कोरर हैं और 18 बार ऑल-स्टार के लिए चुने गए और वर्ष 2008 में मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (MVP) पुरस्कार के विजेता रहे।

## महत्वपूर्ण दिवस

- ✓ **विश्व ब्रेल दिवस** दुनिया भर में प्रति वर्ष **4 जनवरी को** मनाया जाता है।
    - **नोट**: यह दिवस लुई ब्रेल के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। वह ब्रेल लिपि या ब्रेल कोड के आविष्कारक थे।
    - ब्रेल एक स्पर्श लेखन प्रणाली है जिसका उपयोग दृष्टिबाधित लोगों द्वारा किया जाता है।
    - ब्रेल उपयोगकर्ता रीफ्रेशबल ब्रेल डिस्प्ले की सहायता से कंप्यूटर स्क्रीन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को पढ़ सकते हैं।
    - लोग ब्रेल मूल स्लेट और स्टाइलस की सहायता से लिख सकते हैं या इसे एक पोर्टेबल ब्रेल नोटेटेकर (या कंप्यूटर) जैसे ब्रेल राइटर पर टाइप कर सकते हैं, जो ब्रेल एम्बॉसर के साथ प्रिंट करता है।
- ✓ **राष्ट्रीय युवा दिवस** भारत में **12 जनवरी को** मनाया जाता है।
    - **नोट**: राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2020 का आयोजन युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा किया गया।
    - 23वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2020 का विषय **"स्वस्थ युवा स्वस्थ भारत"** (FIT YOUTH FIT INDIA) है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को बढ़ाएगा और यह सभी के लिए एक सीखने का मंच साबित होगा।
- ✓ दुनिया भर में **विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को** मनाया जाता है।
    - **नोट**: हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली दुनिया की चौथी भाषा है। प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में किया गया था।
    - पूरे भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है।
- ✓ **सशस्त्र बल सेवानिवृत्त सैनिक दिवस** (Armed Forces Veterans Day) हर वर्ष **14 जनवरी को** मनाया जाता है।
    - **नोट**: यह दिवस वर्ष 2017 से मनाया जा रहा है और प्रारंभ में इस दिवस को युद्ध विराम दिवस (Armistice Day) कहा जाता था।
    - हर वर्ष, 14 जनवरी को सशस्त्र बल सेवानिवृत्त सैनिक दिवस के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि भारतीय सशस्त्र बलों के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे।
    - चौथा सशस्त्र बल सेवानिवृत्त सैनिक दिवस, 2020 राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मनाया जाएगा।
- ✓ भारत में, **भारतीय सेना दिवस** हर वर्ष **15 जनवरी को** मनाया जाता है।
    - **नोट**: भारत में हर वर्ष 15 जनवरी को फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा द्वारा भारत के अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार प्राप्त करने के उपलक्ष्य में सेना दिवस मनाया जाता है।
    - इस वर्ष पूरे देश में 72वां सेना दिवस मनाया जा रहा है।
- ✓ **राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF)** का 15वां स्थापना दिवस **19 जनवरी, 2020 को** मनाया गया।
    - **नोट**: राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) का 15वां स्थापना दिवस नई दिल्ली में मनाया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे, जबकि NDMA के सदस्य सचिव श्री जी.वी.वी. शर्मा विशिष्ट अतिथि थे।
    - NDRF की स्थापना 19 जनवरी 2006 को हुई थी।
- ✓ **राष्ट्रीय प्रतिरक्षा दिवस (NID)** जिसे 'पोलियो रविवार' के नाम से भी जाना जाता है -- **19 जनवरी, 2020।**
    - **नोट**: राष्ट्रीय प्रतिरक्षा दिवस (NID) जिसे 'पोलियो रविवार' के नाम से भी जाना जाता है, 19 जनवरी 2020 को मनाया गया।

- पल्स पोलियो कार्यक्रम 2020 को देश भर में राष्ट्रीय प्रतिरक्षा दिवस के एक भाग के रूप में मनाया गया था।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की पोलियो की बीमारी से रक्षा करना और भारत में पोलियोमाइलाइटिस को खत्म करना है।

✓ **राष्ट्रीय शहीद दिवस** प्रतिवर्ष **30 जनवरी को** मनाया जाता है।

- **नोट:** राष्ट्रीय शहीद दिवस प्रतिवर्ष 30 जनवरी को मनाया जाता है। वर्ष 2020 शहीद दिवस की 72वीं वर्षगांठ है, इस अवसर पर उन स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है, जिन्होंने ब्रिटिश शासन से भारत की आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया था।
- इस दिन भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 72वीं पुण्यतिथि भी मनाई जाती है, जिनकी 30 जनवरी, 1948 को नाथूराम विनायक गोडसे ने हत्या कर दी थी।

✓ **राष्ट्रीय मतदाता दिवस** भारत में हर वर्ष **25 जनवरी को** मनाया जाता है।

- **नोट:** 25 जनवरी को भारत में हर वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह राष्ट्रीय मतदाता दिवस का 10वां संस्करण है।
- 10वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का विषय 'मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनावी साक्षरता' (Electoral Literacy for Stronger Democracy) है।
- इस विषय का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में नागरिकों का विश्वास पुन: कायम करना है और इसके साथ भारत के मतदाताओं को शिक्षित करना है।

✓ **विश्व कुष्ठरोग दिवस** प्रतिवर्ष **जनवरी के अंतिम रविवार को** मनाया जाता है।

- **नोट:** विश्व कुष्ठरोग दिवस प्रतिवर्ष जनवरी के अंतिम रविवार को मनाया जाता है। इस वर्ष, यह दिवस 26 जनवरी 2020 को मनाया गया।
- भारत में, यह हर वर्ष 30 जनवरी को महात्मा गांधी के निधन की स्मृति में मनाया जाता है, जिनकी वर्ष 1948 में इसी दिन हत्या कर दी गई थी।
- वर्ष 2020 में मोहनदास करमचंद गांधी की 72वीं पुण्यतिथि मनाई गई।इस वर्ष का विषय "कुष्ठ रोग वह नहीं है जो आप सोचते हैं" (Leprosy isn't what you think) है।

✓ भारत प्रतिवर्ष **राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को** मनाता है।

- **नोट:** भारत हर वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाता है। इस दिवस का उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने और बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए उनके साथ होने वाले पक्षपातों पर ध्यान केंद्रित करना है।
- यह दिवस पहली बार वर्ष 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और भारत सरकार द्वारा एक पहल के रूप में मनाया गया था।

gradeup

# संक्षिप्त सामयिकी जनवरी २०२०



Prep Smart. Score Better. Go gradeup

www.gradeup.co